● वर्ष : 17 ● अंक : 148 ● मूल्य : 02 रुपया मात्रा ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित गुरुवार 19 मार्च 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता, जनसेवा सदन के बाहर भी जारी रहती है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे राज्यसभा के 59 सदस्यों को विदाई देते हुए कहा कि राजनीति में कभी 'पूर्ण विराम' नहीं होता और जनसेवा का कार्य सदन के बाहर भी निरंतर जारी रहता है। उन्होंने कहा कि संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि एक 'ओपन यूनिवर्सिटी' है, जहां हर सदस्य को सीखने, विचार साझा करने और खुद को विकसित करने का अवसर मिलता है। राज्यसभा में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सदन में विभिन्न विषयों पर होने वाली चर्चाओं में हर सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि कार्यकाल के दौरान खट्टे-मीठे अनुभव भी सामने आते हैं, लेकिन विदाई के समय सभी दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर एक समान भावना व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विदाई ले रहे कुछ सदस्य भविष्य में फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ अपने अनुभवों के आधार पर सामाजिक जीवन में नए योगदान की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, "जो सदस्य जा रहे हैं, उन्हें मैं कहना चाहता हूं कि राजनीति में कोई फुल स्टॉप नहीं होता है। भविष्य आपका इंतजार कर रहा है और आपका अनुभव राष्ट्र जीवन में हमेशा उपयोगी रहेगा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने एचडी देवगौड़ा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार आदि वरिष्ठ नेताओं के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि लंबे संसदीय अनुभव वाले नेताओं से नई पीढ़ी को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा संसदीय कार्यप्रणाली को समर्पित किया है और उनका अनुभव लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की सराहना करते हुए उन्हें मृदुभाषी और कुशल संचालक बताया। उन्होंने कहा कि सदन को सुचारु रूप से चलाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हरिवंश सदन के बाहर भी युवाओं के बीच सक्रिय रहते हैं और उन्हें देश की परिस्थितियों से अवगत कराने का कार्य करते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने रामदास अठावले के हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक अंदाज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में 24x7 मीडिया के कारण सदन में हास्य-विनोद के अवसर कम हो गए हैं, लेकिन अठावले अपने अंदाज से वातावरण को सहज बनाए रखते हैं और लोगों को जोड़ने का कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री ने संसदीय प्रणाली में "सेकंड ओपिनियन" की अवधारणा को लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताया।

## लंबे अनुभव से नई पीढ़ी के सांसदों को सीख लेनी चाहिए : पीएम मोदी

**देवगौड़ा, खड़गे और शरद पवार के लंबे संसदीय अनुभव का किया उल्लेख**

**नई दिल्ली**। राज्यसभा में बुधवार को 37 सदस्यों को विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावपूर्ण संबोधन देते हुए सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों के योगदान की सराहना की और नए सदस्यों से उनके अनुभवों से सीखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सदन से विदा ले रहे कई सदस्य ऐसे हैं, जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा संसदीय कार्यप्रणाली को समर्पित किया है। उन्होंने विशेष रूप से एच. डी. देवगौड़ा, मल्लिकार्जुन खड़गे और शरद पवार का उल्लेख करते हुए कहा कि इन नेताओं ने अपनी आधी से अधिक उम्र संसद में बिताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इतने लंबे अनुभव से नई पीढ़ी के सांसदों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदारी और समर्पण का भाव इन वरिष्ठ नेताओं से सीखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी विदा हो रहे सदस्यों के योगदान को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यहां बताते चलें कि संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का बुधवार को आठवां दिन है। इससे एक दिन पहले ही निलंबित किए गए आठ सांसदों का निलंबन भी वापस ले लिया गया, जिससे सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चली। राज्यसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदस्यों के सवालों के जवाब दिए और इसके बाद विनियोग विधेयक 2026 पेश किया। इस विधेयक के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार के 2.01 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। चर्चा के बाद राज्यसभा ने विनियोग विधेयक को वॉइस वोट से पारित कर लोकसभा को भेज दिया।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



## बुरी तरह फंसे दुनिया के दादा ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभाला उसके बाद से उनका अहंकार चरम पर पहुंच गया। वह अपने आपको शांति का मसीहा बताना चाहते थे। सारी दुनिया में ट्रंप को एक विश्व गुरु के रूप में जाना जाए इसके लिए उन्होंने वह सब प्रयास किया जो वह कर सकते थे। अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में वह राजनेता कम एक गैंगस्टर के रूप में ज्यादा नजर आए। पद संभालते ही उन्होंने यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को बंद कराने की कोशिश की। इजरायल और हमास के बीच चली जंग को लेकर वह इजरायल के पक्ष में खड़े हुए। गाजा को पूरी तरह से समाप्त करके वहां अमेरिकी कॉलोनी बनाने का प्रयास किया। उन्होंने सारी दुनिया के देशों में अपने परिवार के व्यापार को बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति पद का उपयोग किया। वह चाहते हैं, कि अमेरिका के वह तीसरी बार राष्ट्रपति बने, इसके लिए उन्होंने सारी दुनिया में अपनी ताकत का परचम फहराने की तो कोशिश की, सबसे पहले उन्होंने टैरिफ के माध्यम से सारी दुनिया के देशों को भयाक्रांत किया।

अमेरिका की दादागिरी बताकर दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश की, लेकिन उनके अहंकार और दादागिरी के कारण उनका हर दांव उल्टा पड़ता चला गया। आज डोनाल्ड ट्रंप अपने ही बनाये हुए मकड़जाल में फंसकर फड़फड़ा रहे हैं, लेकिन अब वह सामान्य व्यक्ति की तरह जिंदा रह पाएंगे या नहीं, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दोस्ती उन्हें इतनी भारी पड़ेगी इसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। सत्ता के नशे में डूबे हुए डोनाल्ड ट्रंप अब अपनी कुर्सी बचाने के लिए ही संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। दरअसल इजरायल के उकसावे पर उन्होंने ईरान पर हमला किया। उन्होंने ईरान पर वेनेजुएला की तरह कब्जा करने की कोशिश की। वहां पर विद्रोह करवाने की साजिश रची। लेकिन कहते हैं जब अंत समय आता है उस समय बुद्धि सबसे पहले खराब होती है। लगता है यही ट्रंप के साथ हुआ। जैसे ही ईरान के सुप्रीमो आयतुल्लाह खामेनेई को सत्ता छोड़ने के लिए धमकाया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई। एक स्कूल में हमला करके 180 से ज्यादा मासूम बच्चियों की हत्या कर दी गई।

उसके बाद लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के पाप का घड़ा भर गया है। फिलिस्तीन में भी बड़ी संख्या में निर्दोष महिलाओं और बच्चों की हत्या इजरायल द्वारा की गई थी। बीमार, मजबूर लोगों तक खाना नहीं पहुंचने दिया गया। अस्पताल में इलाज करा रहे बच्चे, बुजर्ग और महिलाओं को हमला करके मार दिया गया। वही सब पाप अब दोनों नेताओं के अस्तित्व को समाप्त करने जा रहे हैं। ईरान युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। सभी सहयोगियों ने डोनाल्ड ट्रंप का साथ छोड़ दिया है। नाटो और यूरोपीय देशों को डोनाल्ड ट्रंप धमका रहे हैं, लेकिन इसका अभी कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के बाद इंतजार करें, वितरणकर्ताओं के यहां लाइन लगाने से बचें: सरकार




**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने लोगों से अपील की है कि लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर की बुकिंग के बाद इंतजार करें और वितरणकर्ताओं के यहां लाइन लगाने से बचें। वर्तमान में एलपीजी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं बुकिंग के लिए अब 93 प्रतिशत लोग ऑनलाइन तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने और गैस का उचित उपयोग करने को कहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भले ही कीमतें बढ़ रही हों, फिलहाल भारत में डीजल-पेट्रोल की कीमतों में कोई इजाफा नहीं होगा। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कच्चे तेल की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही है। घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल की कमी की कोई खबर नहीं है और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों, विशेषकर छात्रों के लिए, आर्मेनिया और अज़रबैजान की भूमि सीमा से यात्रा करने के संबंध में एक सलाह जारी की है।

### एनआईए ने छह यूक्रेनी नागरिकों को पकड़ा, एक अमेरिकी नागरिक भी हिरासत में




**नई दिल्ली**। एनआईए ने छह यूक्रेनी नागरिकों को हिरासत में लिया है। इन पर अवैध रूप से मिजोरम में प्रवेश करने और फिर पड़ोसी देश म्यांमार जाकर उग्रवादियों को लड़ाई की ट्रेनिंग देने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक एनआईए ने दिल्ली और लखनऊ समेत कई प्रमुख ट्रांजिट प्वाइंट्स से इन छह यूक्रेनी नागरिकों को पकड़ा है। इसके अलावा एक अमेरिकी नागरिक को कोलकाता एयरपोर्ट से हिरासत में लिया है, जिसकी पहचान मैथ्यू वैनडाइक के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांच एजेंसियों का दावा है कि ये सभी विदेशी नागरिक मिजोरम पहुंचे थे, जो कि सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील राज्य माना जाता है। यह राज्य म्यांमार के साथ करीब 510 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। इस क्षेत्र में विदेशी नागरिकों के प्रवेश के लिए 'रिस्ट्रिक्टेड एरिया परमिट' अनिवार्य है, लेकिन आरोप है कि इन लोगों ने बिना अनुमति के इस क्षेत्र में प्रवेश किया। इतना ही नहीं, एजेंसियों का यह भी कहना है कि इन विदेशी नागरिकों ने म्यांमार के अंदर सक्रिय कुछ जातीय सशस्त्र समूहों से संपर्क किया और उन्हें कथित तौर पर प्रशिक्षण और उपकरण उपलब्ध कराए।












## संक्षिप्त समाचार

### पालम की बहुमंजिला इमारत में अग्निकांड की मजिस्ट्रेटी जांच होगी, सीएम ने दिए आदेश

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम में बहुमंजिला इमारत में आग लगने का जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिए हैं। मौके पर आग को काबू करने की कोशिशें जारी है। इस अग्निकांड में सात लोगों की मौत हुई है, जिसमें कई बच्चे भी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि पालम स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में हुई भीषण अग्निकांड के बारे में जानकर अत्यंत व्यथित हूं। जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के लिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को पालम मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत में स्थित घर से सुबह करीब 7 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद 30 दमकल गाड़ियों के साथ एक बड़ा अग्निशमन और बचाव अभियान शुरू किया गया।

### केजरीवाल ने पालम अग्निकांड पर जताई चिंता

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के पालम में हुई घटना पर गहरी चिंता जतायी। उन्होंने घटना को भयावह बताते हुए सरकार से कार्रवाई की मांग की। केजरीवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा कि दिल्ली के पालम में हुई यह घटना बेहद दुखद है। पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे। केजरीवाल ने कहा कि राजधानी में लगातार सामने आ रही आग की घटनाएं चिंता का विषय हैं। संकरी गलियां, एक-दूसरे से सटी बहुमंजिला इमारतें और अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था इस खतरे को और बढ़ा देती हैं। इस घटना पर सरकार की तरफ से ठोस और तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। इस घटना में अब तक सात लोगों की मौत हो गयी है, जबकि कई लोग जख्मी हैं।

### केंद्र ने बाराबंकी-बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे को मंजूरी दी

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर कुल 6969.04 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसे हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएएम) के तहत विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस परियोजना को स्वीकृति दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि करीब 101.515 किलोमीटर लंबा यह हाई-वे बाराबंकी और बहराइच जिलों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। इस परियोजना से मौजूदा सड़क की ज्यामितीय कमियों, तीखे मोड़ों और शहरी क्षेत्रों में होने वाली भारी भीड़भाड़ की समस्या को दूर किया जाएगा। नया हाई-वे प्रमुख आबादी वाले क्षेत्रों को बाईपास करेगा, जिससे यात्रा का समय घटकर लगभग एक घंटा रह जाएगा। यह हाई-वे लखनऊ से रूपईडीहा कॉरिडोर का हिस्सा होगा और भारत-नेपाल सीमा तक सुगम संपर्क प्रदान करेगा। इससे रूपईडीहा लैंड पोर्ट तक पहुंच आसान होगी और दोनों देशों के बीच व्यापार और आवागमन को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के तहत 48.28 किलोमीटर लंबाई के बाईपास बनाए जाएंगे। यह मार्ग एनएच-27, एनएच-330बी और एनएच-730 सहित कई राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ राज्य राजमार्गों से भी जुड़ेगा। इसके अलावा, लखनऊ और श्रावस्ती एयरपोर्ट, कई रेलवे स्टेशनों और प्रमुख लॉजिस्टिक एवं आर्थिक केंद्रों को भी इससे जोड़ने की योजना है। सरकार ने कहा है कि इस परियोजना से क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, खासकर कृषि व्यापार, पर्यटन और निवेश के क्षेत्रों में तेजी आएगी। साथ ही यह परियोजना प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। परियोजना के पूरा होने के बाद बहराइच और श्रावस्ती जैसे दूरदराज के जिलों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

### खरगे के बयान पर देवेगौड़ा का पलटवार, कांग्रेस से रिश्ते को बताया "जबरन शादी", कहा- 2019 में गठबंधन तोड़ा गया

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एच. डी. देवेगौड़ा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की आज संसद में की गई टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। देवेगौड़ा ने कांग्रेस के साथ अपने पुराने गठबंधन को "जबरन शादी" करार देते हुए कहा कि परिस्थितियों के चलते उन्हें "तलाक" लेना पड़ा। देवेगौड़ा ने बुधवार को जारी अपने बयान में कहा कि मेरे प्यारे और पुराने दोस्त, मल्लिकार्जुन खरगे ने आज संसद में मेरे बारे में एक मज़ाकिया टिप्पणी की थी कि वह पहले कांग्रेस के साथ 'प्रेम' में थे, लेकिन बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा से 'शादी' कर ली। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इसका कारण नहीं पता कि मैंने ऐसा क्यों किया। देवेगौड़ा ने कहा कि वह उस समय सदन में मौजूद नहीं थे, क्योंकि उन्हें उगादी समारोह में शामिल होने के लिए बेंगलुरु जाना था। उन्होंने उसी शैली में जवाब देते हुए कहा, "अगर मैं अपने दोस्त को शादी वाली भाषा में ही जवाब दूं, तो मैं यह कहना चाहूंगा कि कांग्रेस के साथ मेरी 'ज़बरन शादी' हुई थी, लेकिन मुझे उनसे 'तलाक' लेना पड़ा, क्योंकि वह एक ज़्यादती भरा रिश्ता था।" देवेगौड़ा ने 2018 के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने गुलाम नबी आजाद को भेजकर एच. डी. कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने उस समय खरगे को मुख्यमंत्री बनाने की वकालत की थी और इस दौरान सिद्धारमैया भी मौजूद थे, लेकिन अंततः कुमारस्वामी के नेतृत्व पर जोर दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि 2019 में कांग्रेस ने गठबंधन को तोड़ दिया और कई कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने की घटनाएं सामने आईं। उन्होंने कहा कि यह अब सार्वजनिक जानकारी है कि इन दलबदल के पीछे कौन था। देवेगौड़ा ने कहा, "अगर उस समय कांग्रेस ने दलबदल को बढ़ावा देने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की होती, तो आज मेरे मित्र खरगे की स्थिति पार्टी अध्यक्ष के तौर पर कहीं बेहतर होती।" पूर्व प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कांग्रेस गठबंधन नहीं छोड़ा था, बल्कि कांग्रेस ने ही उन्हें छोड़ दिया था। ऐसे में उन्होंने कांग्रेस से 'तलाक' लेकर एक 'स्थिर गठबंधन' की तलाश करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे बुधवार को राज्यसभा में सदस्यों की विदाई के अवसर पर बोलते हुए पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का उल्लेख करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, "वे प्रेम हमारे साथ किए, लेकिन शादी मोदी साहब के साथ।" उनका इशारा जेडी (एस) द्वारा कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने की ओर था।

### पश्चिम बंगाल में आईपैक रेड केस मामले में सुनवाई टालने की मांग सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी (आईपैक) के दफ्तर में रेड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई टालने की राज्य सरकार की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष बुधवार को वकील श्याम दीवान और कपिल सिब्बल ने प्रारंभिक दलीलें रखीं। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी। दरअसल, सुनवाई की शुरुआत में राज्य सरकार की ओर से वकील श्याम दीवान ने सुनवाई टालने की मांग करते हुए कहा कि ईडी की ओर से दाखिल जवाबी हलफनामे पर अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया जाए। इस पर ईडी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह सुनवाई में देरी की कोशिश है। उन्होंने कहा कि जवाबी हलफनामा चार हफ्ते पहले ही दाखिल किया जा चुका है।

# "डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़, नई दिल्ली में विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन"

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली** : आज दिनांक 18 मार्च 2026 गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से संबद्ध डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़, नई दिल्ली में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में जागरूक करना तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से जोड़ना था। राहुल अरोड़ा यूथ आइकन, श्री प्रियंक मिश्रा, एपीएस, माननीय युवा मामले एवं खेल मंत्री एवं श्री प्रथम सिंह, प्रतिनिधि, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर (कोऑर्डिनेशन) डॉ. विजय धीर, डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. निरंजन भट्टाचार्य, असिस्टेंट डायरेक्टर (एचआर) सुश्री पंखुरी अग्रवाल तथा फैकल्टी सदस्य और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राहुल अरोड़ा युवा आइकन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में वंदे मातरम् के लगभग डेढ़ सौ वर्षों के गौरवशाली इतिहास, उससे जुड़े राष्ट्रभक्ति के भाव तथा स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी प्रेरणादायक भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार वंदे मातरम् की भावना आज भी युवाओं को देश के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को 'विकसित भारत युवा मिशन (YUM) 2047' की परिकल्पना




और वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी देने के लिए पावर पॉइंट प्रस्तुति का भी उपयोग किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को देश के विकास, राष्ट्रीय मूल्यों तथा उनकी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया। श्री प्रियंक मिश्रा जी ने संस्थान को युवाओं के लिए देश में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स से अवगत कराया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. निरंजन भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में वंदे मातरम् के महत्व से अवगत कराया और यह दिलासा दिलाया कि युवा विकसित भारत 2047 में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम केवल जानकारी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक खुला मंच भी उपलब्ध कराया गया, जहां उन्होंने अपने विचार साझा किए तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर सार्थक चर्चा की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान का गायन किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर देश के विकास, प्रगति और समृद्धि के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ तथा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। संस्थान की माननीय चेयरपर्सन मैम श्रीमती अलका दास गुप्ता जी एवं माननीय अध्यक्ष महोदय श्री विराज सागर दास जी ने युवा कनेक्ट विकसित भारत को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की एक महत्वपूर्ण पहल बताया। यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनने, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। साथ ही, यह कार्यक्रम युवाओं और शासन के बीच एक मजबूत संवाद स्थापित करने का कार्य करता है, जिससे उनकी भागीदारी और जागरूकता में वृद्धि होती है।

## राजस्थान के नगरीय विकास और स्वायत शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने की दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

**प्रदेश में विकास से जुड़े मुद्दों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा**

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** राजस्थान के नगरीय विकास और स्वायत शासन मंत्री श्री झबर सिंह खर्रा ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला सहित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर प्रदेश के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री खर्रा ने इस दौरान राजस्थान में चल रही प्रचलित एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं के साथ-साथ आमजन को प्रभावित करने वाली प्रमुख समस्याओं को केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष रख उनसे नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से त्वरित समाधान हेतु विशेष आग्रह किया गया। उन्होंने बैठक में क्षेत्र की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए शाहपुरा-रींगस सड़क मार्ग के चैड़ीकरण कर उसे फोरलेन में विकसित करने तथा उसे राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने की महत्वपूर्ण मांग की। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी और



विकास को नई गति प्राप्त होगी। श्री खर्रा ने इसके अतिरिक्त, सीकर-जयपुर बाईपास पर लगातार बढ़ती जाम की समस्या के स्थायी समाधान हेतु भी विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हुए यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित करवाने का आग्रह भी किया। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय मंत्रियों ने प्रस्तुत विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन प्रदान किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र की इन महत्वपूर्ण मांगों पर शीघ्र ही प्रभावी निर्णय लिए जाएंगे, जिससे आमजन को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा सीकर जिले के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद श्री सुमेधानंद सरस्वती भी मौजूद रहे।

## खरगे ने जनता के मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद सत्रों की अवधि बढ़ाने की मांग की

लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को संसद सत्रों की अवधि बढ़ाने की मांग की, ताकि महत्वपूर्ण विधेयकों पर पर्याप्त चर्चा हो सके और जनता के मुद्दों पर गंभीर बहस सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने प्रभावी कानून निर्माण के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहयोग बढाने तथा विपक्षी सांसदों की आवाज को सुनने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यसभा में सदस्यों की विदाई के अवसर पर बोलते हुए खरगे ने सदन को और अधिक सार्थक बनाने की अपील करते हुए कहा कि अच्छा कानून बनाने में सत्ता पक्ष की ही नहीं, विपक्ष की भी बराबर की भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हमें सहयोग की भावना से काम करना चाहिए, न कि नफरत की भावना से। उन्होंने प्रधानमंत्री से संसद सत्रों की अवधि बढ़ाने की मांग की, ताकि महत्वपूर्ण बिलों पर ज्यादा समय दिया जा सके और जनता के मुद्दों पर गंभीर चर्चा हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीबों, कमजोर तबकों, किसानों और मजदूरों के मुद्दों पर बात होनी चाहिए, लेकिन सत्ता पक्ष इसे अपनी आलोचना मानकर बिना सुने खंडन करने लगता है, जबकि सरकार को जनता की चिंताओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। असंसदीय शब्दों के नाम पर भाषण के हिस्सों को सदन की कार्यवाही से



हटाए जाने पर नाराजगी जताते हुए खरगे ने कहा कि कई बार उनके भाषण के अंश हटा दिए जाते हैं, जिससे उनका अर्थ बदल जाता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर राज्यसभा की प्रक्रिया और नियमों की भी समीक्षा होनी चाहिए। खरगे ने कहा कि राजनीति में रहने वाले लोग सार्वजनिक जीवन से कभी रिटायर नहीं होते और न ही देश सेवा के जज़्बे में थकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्य दोबारा सदन में लौटेंगे, जबकि कुछ को यह अवसर नहीं मिल पाएगा, इसलिए आज का यह अवसर विशेष महत्व रखता है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि "कहां से शुरू करें, कुछ समझ नहीं आता; आपकी विदाई के जिक्र से दिल भर आता।"

## अल्पसंख्यक विकास परिषद के सौजन्य से रोज़ा इफतार कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की शान

**सीलमपुर** : सीलमपुर क्षेत्र के षास्त्री पार्क में स्थित समुदाय भवन में अल्पसंख्यक विकास परिषद के सौजन्य से रोज़ा इफतार कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमेंन इकबाल सिंह लालपुरा, डीडीए आयुक्त विरेन्द्र सिंह तोमर, एडवोकेट सनोबर अली कुरैषी उपस्थित हुए। कार्यक्रम अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक लोग, भूषन जैन, डा. षंकर लाल बुद्धिष्ठ, हरविंदर सिंह लाम्बा, मनमोहन सिंह, मिस्टर पतुल इत्यादी। इन सब विभिन्न धर्मों के लोगों ने एक साथ बैठकर रोज़ा इफतार किया इस अवसर पर इकबाल सिंह लालपुरा ने संबोधित करते हुए सभी रोज़ादारों को रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा रमज़ान इबादत का महीना है रमज़ान के अवसर पर रोज़ा इफतार कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जिसमें मुस्लिम भाई दूसरे धर्मों के लोगों को आमंत्रित करते हैं जिससे देष में हिन्दू मुस्लिम भाईचारा मज़बूत होता है इस प्रकार के कार्यक्रम देष में षांति के लिए आवष्यक हैं जो देष के लिए सराहनीय हैं इसके लिए मो. रियाज़ और उनकी टीम सदस्य बधाई के पात्र हैं। विरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा रोज़ा इफतार कार्यक्रम भारत की गंगा जमनी संस्कृति और हिन्दू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल है इस प्रकार के कार्यक्रम से आपसी भाईचारा मज़बूत होता है। भारत सभी का देष है, हब सबको मिलकर देष के




विकास के लिए कार्य करना है। भूषन जैन, डा. षंकर लाल बुद्धिष्ठ, हरविंदर सिंह लाम्बा, मनमोहन सिंह, मिस्टर पतुल इन सभी लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हम सबको मुस्लिम भईयों के साथ बैठकर रोज़ा इफतार करके बहुत खुषी हुई। कार्यक्रम के अध्यक्षता एडवोकेट सनोबर अली कुरैषी ने की, मंच संचालक मौलाना जावेद कासमी ने किया। अंत में अल्पसंख्यक विकास परिषद के चैयमेन मो रियाज़ ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर अतिथियों को संस्था की ओर से प्रषस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोग जो इस प्रकार हैः कारी मो. यासीन अनुवादक ईरान कल्चरल हाउस, फहीम अहमद निदेषक ऑरेकल स्कूल, डा. एस एम कामरान निदेषक नुस्रत इस्लामिक स्कूल, डा. मो. एजाज़ निदेषक जामिया इस्लामिया दिल्ली, मो. इकबाल निदेषक इकबाल स्टूडियो, डा. षादमान, आर.आई.खान, मो. नासिर, तारिक प्रवेज़, मो. ज़ाहिद, मो.षऊर, मो. आदिल सैफी, अली रहमान, मो. आबिद, नईम अख्तर, मो. राषिद, मो. रिज़वान, मो. अनवर, राहिम रियाज़ आदि।

## विज्ञान और तकनीक से सशक्त होंगे आजीविका के नए आयाम

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के कार्यालय द्वारा मिशन सह-SANKALP के तहत डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन PSA प्रो. अजय कुमार सूद ने किया। इस आयोजन में जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, MSME, ग्रामीण विकास मंत्रालय, CSIR, ICAR सहित विभिन्न मंत्रालयों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत और जमीनी स्तर के विशेषज्ञों ने भाग लिया। मुख्य वक्तव्य में प्रो. सूद ने विज्ञान एवं तकनीकी नवाचार को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वास्तविक चुनौती इन नवाचारों को समुदाय के लिए सुलभ और उपयोगी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान मिशन सह-SANKALP का लोगो और सतत आजीविका के लिए 350 से अधिक तकनीकों से युक्त 'रिसोर्स बुक' का



विमोचन किया गया। साथ ही 100 से अधिक तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे नवाचारों और उपयोगकर्ताओं के बीच संवाद को बढ़ावा मिला। वैज्ञानिक सचिव डॉ. परविंदर मैनी ने कहा कि यह मिशन विज्ञान को समाज से जोड़ते हुए समावेशी और टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देगा।

## IJR ने जारी किया उपभोक्ता शिकायत निवारण पर भारत का पहला राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली :** इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (IJR) के अपनी तरह के पहले अध्ययन के निष्कर्षों के मुताबिक भारत के उपभोक्ता आयोगों में लंबित मामले और रिक्तियां उपभोक्ता न्याय सुनिश्चित करने की राह की मुख्य बाधाएं हैं। 'कंज्यूमर जस्टिस रिपोर्ट 2026: भारत के उपभोक्ता आयोगों की क्षमता का आकलन' नाम से जारी रिपोर्ट में यह पाया गया है कि 2025 में राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों (SCDRCS) में अध्यक्ष और सदस्य के आधे-से-अधिक पद ख़ाली थे। जानकारी साझा करने वाले 19 राज्य आयोगों में दायर मामलों में से एक-तिहाई से अधिक तीन साल से अधिक समय से लंबित थे। उपभोक्ताओं की आयोग तक आसान पहुंच के लिए अतिरिक्त बेंच बनाने के प्रावधान के बावजूद, केवल सात राज्यों ने ऐसी




बेंच स्थापित की हैं। यह रिपोर्ट मुख्य रूप से RTI आवेदनों के जरिए प्राप्त जानकारी और संसदीय उत्तरों के रूप में उपलब्ध सार्वजनिक आंकड़ों व तथ्यों पर आधारित है। इस अध्ययन का मकसद यह आकलन करना है कि 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019' के तहत वैधानिक दायित्वों को पूरा करने में उपभोक्ता आयोग कितने सक्षम हैं। इस अध्ययन में बजट, बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन, कार्यभार और लैंगिक विविधता जैसे पैमानों से संबंधित 11 मापदंडों के आधार पर राज्यों की रैंकिंग तैयार की गई है। भारत के 19 बड़े और मध्यम आकार के राज्यों में आंध्र प्रदेश पहले स्थान पर है, जबकि नौ छोटे राज्यों में पहले दो स्थानों पर मेघालय और सिक्किम रहे। 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (UTS) को आबादी के आधार पर दो समूहों में बांटा गया है (तीसरा समूह सात केंद्र शासित प्रदेशों का है, जिन्हें रैंकिंग नहीं दी गई है)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, "अगर क़ानून लागू ही न किया जाए तो संसद जिस मकसद से क़ानून बनाती है, वह अधूरा रह जाता है। यह उम्मीद थी कि 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019' से देश के उपभोक्ताओं को और ज्यादा संरक्षण मिलेगा। लेकिन यह चिंताजनक है कि राज्य आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के आधे से अधिक पद खाली हैं और सभी जिलों में आयोगों का गठन नहीं हुआ है। कई अदालती आदेशों के बावजूद यह स्थिति बनी हुई है और मेरे कार्यकाल के दौरान भी उपभोक्ता आयोगों की कम क्षमता का स्वतः संज्ञान लिया गया था। ये गंभीर कमियां उपभोक्ता संरक्षण के संस्थागत ढांचे को नुकसान पहुंचाती हैं और शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निपटारे की राह में बाधाएं खड़ी करती हैं। साथ ही, इससे उपभोक्ताओं का यह भरोसा भी टूटता है कि उपभोक्ता आयोगों में उनकी शिकायतों का निपटारा होगा।" इंडिया जस्टिस रिपोर्ट की संपादक माया दारूवाला ने कहा, "2019 का उपभोक्ता संरक्षण क़ानून भारत और वैश्विक स्तर पर बदलते बाज़ार की जटिलताओं को दूर करने के लिए बनाया गया है। हालांकि, पिछले क़ानून की तुलना में यह ज्यादा प्रभावी है और इसमें नए प्रावधान भी शामिल किए गए हैं, लेकिन सबसे प्रगतिशील क़ानून भी मजबूत संस्थागत तंत्र पर निर्भर करते हैं। RTI से प्राप्त आंकड़े आयोगों के नेतृत्वकारी पदों पर नियुक्ति में उपेक्षा को सामने लाते हैं, जिससे उपभोक्ता संरक्षण क़ानून का मकसद अधूरा रह जाता है और शिकायतों का प्रभावी निपटारा नहीं होता है। हमने यह भी पाया है कि उपभोक्ता आयोगों में लैंगिक विविधता संबंधी प्रावधानों का केवल अनुपालन होता है, मामले लंबित हैं और बहुत कम मामलों को मध्यस्थता के लिए भेजा जाता है। आखिरकार, इन सबसे उपभोक्ताओं को संस्थागत समाधान उपलब्ध कराने का वादा कमज़ोर होता है।"

## संक्षिप्त समाचार

### सदका फितर हर साहिबे निसाब पर जरूरी है :तसीम खां , सिरसी



**लोकतंत्र की शान : सैय्यद कुमैल ज़ैदी ,संभल/सिरसी।** सिरसी के सामाजिक कार्यकर्ता तसीम खां ने कहा कि सदका-ए-फितर हर उस मुसलमान पर वाजिब है जो साहिबे निसाब हो। उन्होंने बताया कि जिसके पास अपने जरूरी खर्चों और जरूरतों के अलावा इतना माल या पैसा हो जो निसाब के बराबर या उससे ज्यादा हो, उस पर फितरा देना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि सदका-ए-फितर का असल मकसद गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना है, ताकि वे भी ईद की खुशियों में बराबर के शरीक हो सकें। इसलिए हर साहिबे निसाब मुसलमान को चाहिए कि वह ईद-उल-फितर की नमाज से पहले अपना फितरा अदा कर दे। फज़्ल अहमद ने कहा कि फितरा रमजान के आखिर में गरीबों और जरूरतमंदों को दिया जाता है और इसे ईद की नमाज से पहले अदा करना ज्यादा बेहतर और अफजल माना गया है। इससे समाज में भाईचारा बढ़ता है और जरूरतमंद लोगों को भी राहत मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के मुकद्दस महीने में ज्यादा से ज्यादा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि ईद की खुशियां सब तक पहुंच सकें।

### पालिका अध्यक्ष ने कैंप कार्यालय पर नामित सभासदों का स्वागत कर दी बधाई



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुर** : बुधवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने कैंप कार्यालय पर सभी नामित सभासदों का स्वागत कर बधाई दी, बताते चले की शान द्वारा नगर पालिका परिषद हसनपुर में पांच लोगों को नामित सभासद मनोनीत किया गया है जिन्हें बुधवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने कैंप कार्यालय पर बुलाकर सभी नामित सदस्यों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया, बता ते चले कि शाशान द्वारा नगर पालिका परिषद हसनपुर में वीर सिंह प्रजापति एडवोकेट, पंकज भटनागर, अजय पाल, ज्योति गर्ग एवं मानवी त्यागी सहित पांच लोगों को सभासद मनोनीत किया है इसको लेकर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है, बुधवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित कर सभासदों का स्वागत किया इस मौके पर राजपाल सैनी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का मौका देती है, इस मौके पर हिमांशु त्यागी, रानू रस्तोगी, मंजू सैनी, ईशांत सैनी, राजकुमार सैनी, ममता शर्मा, करन सिंह, पप्पू सिंह, महेंद्र पवार, आकाश बडगूजर, चंदन कुमार, जूजू ,अमर सिंह, इकबाल, सुंदर आदि लोग मौजूद रहे 1

### सनातन जागरण मंच द्वारा हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर जन जागरण यात्रा निकाली गई



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** बुधवार को नगर में सनातन जागरण मंच की ओर से हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय विक्रम संवत 2083 की पूर्व संध्या पर एक जन जागरण यात्रा निकाली गई जो नगर के अमरोहा बस स्टैंड से प्रारंभ हुई तथा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई रहरा बस स्टैंड पर पहुंच कर संपन्न हुई, इस दौरान सनातन जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होने को लेकर लोगों को जागरुक करते हुए अपने अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाने तथा हिंदू नव वर्ष को धूमधाम के साथ मनाने का आह्वान किया, वहीं कार्यकर्ताओं ने गर्व से कहो हम हिंदू हैं चैत्र नव वर्ष की शुभकामनाओ का एक-एक स्टीकर भी सभी के प्रतिष्ठानों पर चश्पा किया, इस भी सभी लोग हाथों में भगवा ध्वज एवं गले में भगवा पका पहने हुए जय श्री राम हर हर महादेव दुर्गा माता की जय आदि के नारे लगाते हुए चल रहे थे वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा, इस मौके पर मुख्य रूप से अतुल शर्मा, कुलदीप अग्रवाल, विशाल शर्मा, रमेश चंद्र गोयल, भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, वेद प्रकाश यादव, राहुल हिंदुस्तानी, मोहित अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, अनुज शर्मा, सीमा यादव, अंकित गुप्ता, महिपाल सिंह गौतम, संजीव गोयल, दिनेश अग्रवाल, अनुपम त्यागी आदि सहित भारी संख्या में सनातन जागरण मंच के पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे 1

### विधायक ने सड़क का फीता काटकर किया शुभारंभ, ग्रामीणों ने किया आभार व्यक्त



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुर** : बुधवार को विधानसभा के ग्राम मिर्जापुर में क्षेत्रीय विधायक द्वारा एक किमी सड़क का किया गया शुभारंभ। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा 250 मीटर सीसी रोड एवं 750 मीटर काला डामर सड़क निर्माण कार्य (अनुमानित लागत 27 लाख रुपये) का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के नागरिकों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा और ग्राम के विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने विधायक महेंद्र खड़गवंशी का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, मयंक अग्रवाल, कल्याण सैनी, संजय शर्मा, देवेंद्र खड़गवंशी, किसान , सुरेन्द्र शर्मा,हेमराज प्रधान, रणवीर प्रधान, सुनील प्रधान, सोनू शर्मा, जोगेंद्र सिंह, विजेंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, जगबीर सिंह, अमित चौधरी, नन्नू सिंह, किशन लाल सैनी, चंद्रपाल सैनी, अमरपाल सिंह, प्रकाश सिंह, चंद्रसेन सिंह सहित अनेक सम्मानित गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ईद उल फितर एवं नवरात्र को लेकर अमन कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** बुधवार को हसनपुर कोतवाली प्रांगण में ईद उल फितर और नवरात्रि के त्यौहार के मध्य नजर अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई, बैठक में गणमान्य नागरिकों ने शांति सुरक्षा और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया, बैठक में नायब तहसीलदार भरत प्रताप सिंह और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी तथा क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह मौजूद रहे, अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष ईद और नवरात्रि के पर्व एक साथ पढ़ रहे हैं जबकि ईदगाह और चामुंडा मंदिर जाने का मार्ग भी एक ही है इसलिए उन्होंने शहर के जिम्मेदार नागरिकों से व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की, प्रशासन में स्पष्ट किया कि किसी भी नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी बैठक के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए इनमें किसी भी संदिग्ध गतिविधियों या गड़बड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को देना शामिल है, इसके अतिरिक्त बाइक पर तीन सवारी न बैठे, स्टंट न करने और हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की हिदायत दी गई, त्यौहार के दौरान बच्चों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को भी कहा गया, वहीं नगर पालिका प्रशासन ने पर्वों के दौरान शहर में चाक चोंबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया, बैठक में मुख्य रूप से शहर इमाम मुफ्ती मेराजुद्दीन, चमन अंसारी, मुकेश गुप्ता, अजय पाल, अंकुर अग्रवाल, अंकुर प्रजापति, सचिन गुप्ता, सभासद शाहनवाज अंसारी आदि सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे 1

# साहनपुर से अजीम अहमद को नामित सभासद बनाया

**पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह को बुके भेंट कर आभार व्यक्त, क्षेत्र के विकास को लेकर जताई प्रतिबद्धता**



लोकतंत्र की शान, खिज़र अहमद

**साहनपुर** : साहनपुर कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के नामित सभासद अजीम अहमद ने पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह पर अपना भरोसा जताते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान अजीम अहमद ने बुके भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान अजीम अहमद ने कहा कि राजा भारतेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में साहनपुर सहित पूरे क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं राजा भारतेंद्र सिंह ने भी अजीम अहमद का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे हमेशा क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। इस मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों नेताओं के इस आपसी सहयोग और सकारात्मक पहल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अग्रवाल सभा की मासिक बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** नगर की समाजसेवी संस्था अग्रवाल सभा हसनपुर (संबद्ध अग्रोहा विकास ट्रस्ट) की मासिक बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने की तथा संचालन महामंत्री मुकेश गोयल ने किया, बैठक का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिवचरण दास द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया, बैठक में होली पर आयोजित किए गए होली मिलन समारोह के व्यय संबंधी ब्योरा प्रस्तुत किया गया, साथ ही संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर शिवचरण दास द्वारा अग्रवाल सभा का रजिस्ट्रेशन का प्रारूप प्रस्तुत किया गया जिसे सर्व समिति से पास कर दिया गया, वही आगामी 4 अप्रैल को अग्रोहा धाम जाने के लिए एक बस ले जाने पर भी सहमति बनी जो 4 अप्रैल की शाम को जाएगी तथा 6 अप्रैल की रात्रि में वापस आएगी, बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, बैठक के उपरांत सभी ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया, इस मौके पर मुख्य रूप से संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिवचरन दास अग्रवाल, अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, महामंत्री मुकेश गोयल, रमेश गोयल, कुलदीप अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, शरद अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, अक्षी अग्रवाल, अमन अग्रवाल, तरुण अग्रवाल आदि मौजूद रहे 1

# पीएम मित्र पार्क से उत्तर प्रदेश बनेगा टेक्सटाइल पावरहाउस

लोकतंत्र की शान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख औद्योगिक और टेक्सटाइल केंद्र के रूप में उभर रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ में विकसित हो रहा मेगा टेक्सटाइल पार्क प्रदेश की औद्योगिक प्रगति को नई गति देने वाला साबित हो रहा है। लखनऊ में स्थापित किए जा रहे इस पीएम मित्र पार्क के लिए 1,000 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। यहां कोर और बाहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 990.71 करोड़ रुपये के कार्य चल रहे हैं। यह प्रदेश सरकार की उद्योगोन्मुखी नीति और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

**टेक्सटाइल वैल्यू चेन का इंटीग्रेटेड मॉडल**-यह पार्क 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैब्रिक और फैब्रिक टू फैशन' की संपूर्ण टेक्सटाइल वैल्यू चेन को एक ही स्थान पर विकसित करेगा। इससे उत्पादन लागत घटेगी और उत्तर प्रदेश वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत स्थिति में आएगा।

**निवेश और रोजगार का बड़ा केंद्र**-प्रदेश सरकार की सक्रिय नीतियों के चलते पीएम मित्र पार्क निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। देशभर के 7 पार्कों में कुल 63,177 करोड़ रुपये का निवेश इन्ट्रेस्ट प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही प्रत्येक पार्क में लगभग 3 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है, जिससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा।




**इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर जोर**-योगी सरकार लखनऊ पीएम मित्र पार्क को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी और सुविधाओं से जोड़ने पर विशेष ध्यान दे रही है। सड़क, बिजली, जलापूर्ति और लॉजिस्टिक्स के मजबूत नेटवर्क से यह पार्क निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा।

# मुख्यमंत्री योगी से कनाडा के उच्चायुक्त की मुलाकात यूपी में निवेश व टेक्नोलॉजी सहयोग पर जोर

लोकतंत्र की शान



**लखनऊ** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने बुधवार को भेंट कर उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की व्यापक संभावनाओं पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश को एक उभरते निवेश और नवाचार केंद्र के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने बीते वर्षों में आधारभूत संरचना, नीतिगत सुधार और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। भेंट के दौरान उच्चायुक्त ने ग्रीन एनर्जी, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में साझेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कनाडा के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों और उत्तर प्रदेश के बीच सहयोग से कौशल विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिभा विनिमय को नई गति मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश-अनुकूल नीतियां इसे वैश्विक कंपनियों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाती हैं। उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि कनाडाई कंपनियां उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए सक्रिय रूप से अवसरों का आकलन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सतत ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्रों में कनाडा की विशेषज्ञता, उत्तर प्रदेश की विकास आकांक्षाओं के साथ स्वाभाविक रूप से मेल खाती है, जिससे दोनों पक्षों के बीच एक मजबूत साझेदारी विकसित की जा सकती है।

# ज्वाला जी ज्योत यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** बुधवार को नगर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भक्त मंडली द्वारा नवरात्रों के अवसर पर अरुणाचल प्रदेश से मां ज्वाला जी की ज्योत लाई गई जिसे लेकर भक्तों द्वारा नगर में ज्योति यात्रा निकाली गई जिसका जगह-जगह भक्तों ने जोत लेकर एवं प्रसाद लेकर मां का आशीर्वाद लिया, बता ते चले कि बुधवार को हिमाचल प्रदेश से भक्त ज्वाला जी की ज्योत लेकर नगर के ब्लॉक परिसर पहुंचे जहां भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर ज्योति की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा आरती कर एवं ज्योत लेकर स्वागत किया गया, शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करती हुई नगर की प्राचीन मां चामुंडा मंदिर पर पहुंची जहां भक्तों द्वारा मां ज्वाला जी की ज्योति को स्थापित किया गया, शोभायात्रा में पंडित निकुंज शर्मा, उषा शर्मा, अंगूरी देवी, कमल शर्मा, उर्मिला वर्मा, विजय शर्मा, सूरज शर्मा, वेद प्रकाश यादव आदि सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे 1

# नजीबाबाद की नन्ही छात्रा अरजिया ने एलकेजी में 99.6 अंक लाकर किया कमाल

**कम उम्र में शानदार प्रदर्शन, परिवार व स्कूल में खुशी की लहर**

लोकतंत्र की शान, खिज़र अहमद



**नजीबाबाद।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल की एल.के.जी कक्षा की होनहार छात्रा अरजिया, पुत्री मकबूल खान, ने 99.6 अंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इतनी कम उम्र में इस बेहतरीन प्रदर्शन ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अरजिया की इस सफलता पर स्कूल में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल आदिल खान और क्लास टीचर ने उसे मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के डायरेक्टर मौलाना ईशा ने भी अरजिया की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। बेटी की इस कामयाबी पर पिता मकबूल खान को रिश्तेदारों और मित्रों द्वारा लगातार बधाइयां मिल रही हैं। परिवार के सदस्यों ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अरजिया भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर अपने माता-पिता, शहर और जिले का नाम रोशन करेगी।

# साहनपुर में मनमाने किराए पर प्रशासन सख्त, एआरटीओ ने ई-रिक्शा चालकों को दी चेतावनी

» लोकतंत्र की शान अखबार में प्रकाशित हुई थी खबर तुरंत एक्शन में दिखे अधिकारी

» शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारी, बिना अनुमति किराया बढ़ाने पर कार्रवाई की चेतावनी

लोकतंत्र की शान, खिज़र अहमद



नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के साहनपुर कस्बे में ई-रिक्शा किराया बढ़ाए जाने के मामले में प्रशासन हरकत में आ गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो एंड वेलफेयर फाउंडेशन की शिकायत पर सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) गौरी शंकर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि हाल ही में गठित रिक्शा यूनियन द्वारा स्थानीय स्तर पर न्यूनतम किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये कर दिया गया था। यह निर्णय बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के लिया गया, जिससे क्षेत्र में लोगों में नाराजगी बढ़ गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो एंड वेलफेयर फाउंडेशन ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को लिखित शिकायत भेजी थी। संस्था की जिला प्रशासनिक पदाधिकारी रंजना सैनी ने आरोप लगाया कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के किराया बढ़ाना नियमों के खिलाफ है और इससे आम जनता, खासकर मजदूरों, छात्रों व दैनिक यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। शिकायत के बाद एआरटीओ गौरी शंकर ने साहनपुर पहुंचकर ई-रिक्शा चालकों से बातचीत की और स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति किराया बढ़ाना पूरी तरह अवैध है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि ऐसा दोबारा पाया गया तो संबंधित चालकों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संस्था के फाउंडर मेंबर इंजीनियर विकास कुमार आर्य सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन से निर्धारित किराए को लागू कराने की मांग की। “”स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में अभी भी किराया 10 रुपये ही है, जबकि साहनपुर में इसे बढ़ाकर 15 रुपये कर दिया गया था, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही थी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद लोगों को राहत मिलने की उम्मीद

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी में रात 2 बजे खुलेगा महावीर मंदिर का पट, 15 नैवेद्यम काउंटर बनाए जाएंगे, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**लोकतंत्र की शान : पटना।** देश में 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी। इसके लिए पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में रात 2 बजे ही पट खुल जाएगा। पट खुलते ही 15 मिनट आरती होगी। आरती खत्म होते ही प्रसाद चढ़ाने और दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो 27 मार्च को रात को होने वाली आरती तक चलेगा। रामनवमी की तैयारी को लेकर आज महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में मंदिर के एसीईओ बीके मिश्रा, मंदिर अधीक्षक के सुधाकरण, मार्केट समिति के पदाधिकारी और सदस्य, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी आदि शामिल थे। रामनवमी के दिन भक्तों को मिलने वाली सुविधा और व्यवस्था पर चर्चा हुई। डीएम ने कतार लगने वाले भक्तों के सुविधा के लिए कई निर्देश दिए। जिससे भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। साथ ही साथ उन्होंने उपलब्ध



व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महिला भक्तों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की भी मांग की गई है। जिससे महिलाओं में अधिक देर तक लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़े। मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर नहीं रहेगा। सभी काउंटर बाहर में रहेंगें। राम नवमी के दिन लोहे और बांस का बैरिकेडिंग, धूप से बचाव के लिए छावनी, पूरे रास्ते में समुचित लाइटिंग, विभिन्न जगहों पर बड़ा एलईडी स्क्रीन, एलईडी पर लाइव पूजा देखने, पानी, शर्बत और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल कैंप, एंबुलेंस, विभिन्न जगहों पर करीब 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। पूजा के लिए अयोध्या से पुजारी बुलाए जाएंगे। सुरक्षा में सरकारी और प्राइवेट सुराकर्मियों की मदद ली जाएगी। सरकारी के अलावा करीब 100-120 प्राइवेट सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे, जिससे कतार में लगे भक्तों की भीड़ को समुचित तरीके से नियंत्रित किया जा सके। इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार किलो नैवेद्यम बनाकर तैयार रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर और 6 हजार किलो की तैयारी रखी जाएगी। वैसे बीते साल भी 18 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करके रखा गया था। उसी के मद्देनजर इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

### प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, बिजली दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक कटौती संभव

**लोकतंत्र की शान : पटना।** राज्य में बिजली दरों को लेकर आज बड़ा फैसला सामने आ सकता है। प्रीपेड मीटर उपयोगकर्ताओं के लिए राहत की खबर है, क्योंकि उन्हें बिजली की दरों में प्रति यूनिट 25 पैसे तक की छूट मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को भी एक अप्रैल से करीब 18 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दरों में संशोधन और स्लैब को एक करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय आज आयोग की बैठक में लिया जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी की घोषणा भी की जाएगी, जिससे



उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। राज्य में तेजी से लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह फैसला खासा लाभकारी हो सकता है। प्रस्ताव के मुताबिक, जिन उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उन्हें बिजली की दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक की कमी का फायदा मिलेगा। इससे मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त या रियायती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, नई दरें लागू होने के बाद सामान्य उपभोक्ताओं को भी प्रति यूनिट लगभग 18 पैसे की कमी का लाभ मिलेगा। बिजली दरों को सरल बनाने के लिए अलग-अलग स्लैब को एक करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। अभी 0 से 100 यूनिट तक और 100 यूनिट से अधिक खपत पर अलग-अलग दरें लागू हैं। वर्तमान में 0–100 यूनिट तक करीब 7.42 रुपये प्रति यूनिट और 100 यूनिट से ऊपर करीब 8.95 रुपये प्रति यूनिट की दर है। प्रस्ताव के अनुसार, स्लैब एक होने के बाद एक समान दर लागू की जाएगी, जो लगभग 7.77 रुपये प्रति यूनिट हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं को बिल समझने में आसानी होगी और दरों में पारदर्शिता आएगी।

### पटना में स्मैक पार्टी के दौरान चली गोली, एक युवक को लगी, दोस्तों ने छिपकर अस्पताल में कराया एडमिट

**लोकतंत्र की शान : पटना।** बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके की दुजरा देवी स्थान मंदिर के पीछे स्मैक पार्टी के दौरान एक युवक को गोली लगी है। उसकी पहचान मैनपुरा के रहने वाले आकाश कुमार के तौर पर हुई है। आकाश अपने नशेड़ी दोस्तों के साथ मिलकर मंदिर के पीछे पार्टी कर रहा था। इसी बीच उसकी गोली लग गई। गोली लगने के बाद आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। दोस्त आकाश को मंदिर के पीछे से लेकर अस्पताल गए। इसकी सूचना किसी को नहीं दी। छिपकर एक निजी अस्पताल में इलाज कर रहे थे। इसी बीच इसकी जानकारी पुलिस को मिल गई। पुलिस अस्पताल पहुंचकर आकाश कुमार का स्टेटमेंट रिकॉर्ड की है। उसने पुलिस को बताया है कि सभी दोस्त दूजरा मंदिर के



पीछे बैठे थे। इसी बीच किसी अज्ञात शख्स ने उसे गोली मार दी। आकाश का स्टेटमेंट लेने के बाद पुलिस ने उसके दोस्तों का भी स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया, जिसमें दोस्तों ने पुलिस को बताया कि गोली आकाश के ही पिस्तौल से लगी थी। किसी ने गोली मारी नहीं है। आकाश बचने के लिए हम लोग को बताया था कि पुलिस जब पूछेगी तो बता देना किसी ने गोली मार दी है। पुलिस ने आकाश के बयान के आधार पर केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल, आकाश का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आकाश का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस इस एंगल से भी छानबीन कर रही है।

### यूपी नंबर के ट्रक से 489 कार्टन शराब बरामद, पुलिस ने शराब की बड़ी खेप पकड़ी, 2 तस्कर गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के महुआ में पुलिस ने शराब की एक बड़ी खेप जब्त की है। महुआ-ताजपुर सड़क पर छतवारा पेट्रोल पंप के पास एक यूपी नंबर के 12 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई में दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए ट्रक पर कुल 489 कार्टन शराब और बीयर लदी हुई थी, जिसकी कुल मात्रा लगभग 4651 लीटर है। यह खेप बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने के उद्देश्य से लाई गई थी। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक इकबाल और खलासी सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। महुआ थाना अध्यक्ष राजेश रंजन ने जानकारी दी कि यह



कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। उन्होंने पुष्टि की कि शराब की यह खेप बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति के लिए लाई जा रही थी। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। महुआ पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब कहां से लाई गई थी और किन लोगों तक इसकी आपूर्ति होनी थी।

# पटना में यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन-पुलिस ने लाठियां बरसाईं

**लोकतंत्र की शान, पटना**

पटना में UGC के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बुधवार को लाठियां बरसाईं। प्रदर्शनकारी UGC रेगुलेशन लागू करने और SC-ST, EBC-BC वर्गों के लिए 65% आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। छात्र सुबह गांधी मैदान के गेट नंबर 10 के पास छात्र जुटे थे। यहां से प्रदर्शनकारी राजभवन के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने जेपी गोलंबर के पास रोक दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़ गए।



डाकबंगला में भी पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग पर ही चढ़ गए। कुछ लोग सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान पुलिस से हल्की नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शन में शामिल छात्रों का कहना है कि कॉलेजों में अब अपमान नहीं सहेंगे। वहीं, एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'हम अपने बच्चों का भविष्य खराब होता नहीं देख सकते। इसलिए UGC के नए नियम लागू करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं।' प्रोटेस्ट में छात्र संगठन AISA, भीम सेना शामिल हैं। इनके सपोर्ट में माले नेता दिव्या गौतम और पार्टी कार्यकर्ता भी प्रोटेस्ट में शामिल हैं।

**प्रदर्शनकारी बोले- कॉलेजों में अपमान नहीं सहेंगे, वज्र वाहन में बैठकर ले गई पुलिस**

**UGC रेगुलेशन और 65% आरक्षण की मुख्य मांग:** प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि बिहार में UGC रेगुलेशन को पूरी तरह लागू किया जाए और उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी, ईबीसी और बीसी वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। छात्र नेताओं के अनुसार, सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था का सही तरीके से पालन हो। उनका यह भी कहना है कि कई संस्थानों में UGC के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण वंचित वर्गों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## सुबह 3 बजे से लाइन, नहीं मिला एलपीजी सिलेंडर

**लोकतंत्र की शान, पटना**

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित चांदपुर बेला में गैस सिलेंडर को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। पाटलीग्राम गैस एजेंसी के सामने सैकड़ों की संख्या में ग्राहक सड़क पर उतर आए और सिलेंडर रखकर प्रदर्शन करने लगे। मौके पर हालात इतने बिगड़ गए कि नाराज लोगों ने बीच सड़क पर आगजनी भी कर दी। प्रदर्शन कर रहे ग्राहकों का कहना है कि वे सुबह 3 बजे से एजेंसी के बाहर नंबर लगाकर लगे हैं, लेकिन अब तक गैस से भरा ट्रक नहीं पहुंचा। ग्राहकों का आरोप है कि ट्रक को कहीं और खड़ा कर दिया गया है। एजेंसी की ओर से सही जानकारी नहीं दी जा रही।

लोगों ने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा सिलेंडर ब्लैक में बेचे जा रहे हैं, जबकि नंबर लगाकर खड़े ग्राहकों को गैस नहीं दी जा रही। कई लोगों का कहना है कि नंबर होने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिला, जिससे



♦ **पटना के चांदपुर बेला में बवाल, सड़क पर आगजनी, ब्लैक में सिलेंडर बेचने का आरोप**

गुस्सा और बढ़ गया। प्रदर्शन में शामिल ग्राहक अनीता देवी ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और पिछले 10 दिनों से गैस खत्म है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी पर जाने पर उन्हें कहा जा रहा है कि उन्होंने पहले ही सिलेंडर ले लिया है, जबकि उन्हें कोई सिलेंडर नहीं मिला है।

## ईद, चैती छठ और रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क: शांति समिति की बैठक में सख्त निर्देश



**लोकतंत्र की शान**

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता:** आगामी ईद, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व के मद्देनज़र जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की कड़ी नजर बनी हुई है। किसी भी प्रकार के भड़काऊ या आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट या सामग्री साझा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए प्रशासन ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गैस आपूर्ति पर प्रशासन का सख्त एक्शन: होम डिलीवरी अनिवार्य, गोदामों का निरीक्षण, सौर बाजार में FIR का आदेश

**लोकतंत्र की शान**

**सहरसा, मोहम्मद ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता:** जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को सुचारू, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पदाधिकारी श्री दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के बाद गैस वितरण व्यवस्था को लेकर कई कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। बैठक में तेल कंपनियों के प्रतिनिधि, प्रखंड पदाधिकारी, पुलिस विभाग एवं गैस एजेंसी संचालक उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अब सभी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही की जाएगी। किसी भी एजेंसी या विक्रेता द्वारा दुकान या गोदाम से सीधे गैस वितरण करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी। प्रशासन ने गैस वितरण की गति बढ़ाने के लिए बुकिंग से डिलीवरी के बीच की औसत अवधि को 4.4 दिनों से घटाकर 2 दिन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही जिले में लंबित करीब 27 हजार गैस डिलीवरी को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी एजेंसियों को डिलीवरी क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इधर, जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि विभिन्न गैस गोदामों और एजेंसियों



पर सिलेंडर लेने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे न केवल ऑनलाइन बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है, बल्कि सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने गोदामों से सीधे गैस वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी स्वयं फील्ड में उतरे और जिले के विभिन्न LPG गैस गोदामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस की उपलब्धता की जांच की गई तथा सभी एजेंसियों को सख्त हिदायत दी गई कि वे जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का अक्षरशः पालन करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने क्षेत्रीय निगरानी को भी सुदृढ़ करते हुए सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन सुबह 8 बजे से क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लें और निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए सौर बाजार में भारत गैस एजेंसी के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने का आदेश दिया गया है, जिससे अन्य एजेंसियों में भी हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे गैस सिलेंडर केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही प्राप्त करें और अनावश्यक रूप से गैस गोदामों या एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बैंक मैनेजर ने प्रेग्नेंट पत्नी से कहा था- घूमने चलेंगे, भाई बोला- बेटी के बर्थडे में पटना आने वाले थे

**लोकतंत्र की शान, पटना**

"15 मार्च की रात 9 बजे भाभी ने भैया को फोन किया था। करीब 12 मिनट बात हुई। भैया ने कहा था कि अपना और बेटी का ख्याल रखना। मैं अप्रैल के फर्स्ट वीक में आऊंगा। फिर घूमने चलेंगे। भैया परिवार की शान थे। अब वो नहीं रहे।" ये कहना कि पटना के अभिमन्यु शर्मा का, जिनके भाई अभिषेक शर्मा की यूपी के गाजियाबाद में गार्ड ने 16 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभिषेक गाजियाबाद में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर थे।

अभिमन्यु, मंगलवार को पटना से दिल्ली के जीटीबी अस्पताल से भाई का शव लेने पहुंचे थे। आज बख्तियारपुर के लखीपुर में बैंक मैनेजर का आज यानी बुधवार की सुबह अंतिम संस्कार किया गया। अभिमन्यु शर्मा ने कहा, 'मेरी भाभी प्रेग्नेंट है। उन्हें जब भइया की मौत की जानकारी मिली तो वह बेहोश हो गई। भैया यहां अफसर बनकर आए थे। आज उनकी लाश कफन में लेकर जा रहा हूं। यह दिन कभी नहीं भूल



पाऊंगा।'

**भाई बोले- भैया हर रोज फोन करते थे:** पटना जिले के लखीपुर निवासी अभिमन्यु शर्मा ने बताया, 'मेरे पिता संजय शर्मा किसान हैं। बड़े भाई ने बैंक के PO की तैयारी शुरू की। 2016 में बड़े भैया का सिलेक्शन बैंक में PO के पद पर हुआ था। भैया की बैंक में नौकरी लगते ही घर में सब लोग खुश हो गए। पहली पोस्टिंग पंजाब के होशियापुर में मिली। उसके बाद वह हेड ऑफिस किदवई नगर

♦ **गाजियाबाद में गार्ड ने मारी थी गोली**

दिल्ली में तैनात रहे। यहां से ट्रांसफर हुआ। फिर जोनल ऑफिस नोएडा जॉइन किया।" बैंक मैनेजर के भाई ने बताया, "अगस्त, 2025 में गाजियाबाद के लोनी बार्डर स्थित बलराम नगर में पंजाब एंड सिंध बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर पहुंचे। अभिषेक भैया रात में सोने से पहले रोज रात में 9 बजे भाभी, मां और परिवार के बाकी लोगों से बात करते थे। घटना से पहले वाली 15 मार्च की रात भैया ने राधिका भाभी से फोन पर बात की। उनसे कहा था कि 27 जून को बेटी परी का जन्मदिन है। इस बार हमारी परी 2 साल की हो जाएगी। उस दिन हम लोग घूमने चलेंगे।"

अभिमन्यु ने बताया, "11 मई, 2022 को बड़े भाई अभिषेक शर्मा की शादी राधिका के साथ हुई। उनकी 2 साल की एक बेटी है। राधिका भाभी इस समय 2 महीने की गर्भवती हैं। वह मौत की खबर सुनकर बेहोश हो गईं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। भैया को अपने काम और ड्यूटी से बहुत लगाव था। पूरे परिवार को उन पर गर्व था। वह हमारे और परिवार के लिए सबकुछ थे। लेकिन आज हमारा सब कुछ चला गया। वहीं, बैंक के स्टाफ ने बताया कि मैनेजर अभिषेक किराए पर रह रहे थे। रोज सुबह उठने के बाद वह मॉर्निंग वाक करते थे। उसके बाद समय से बैंक पहुंचते थे। बैंक में कई बार देर शाम तक भी ऑफिस में ही काम करते थे।

मृतक के चाचा रामप्रकाश शर्मा ने बताया, "वो 2 साल से गाजियाबाद दिल्ली में रह रहे थे। पहले चंडीगढ़ में थे। पत्नी का नाम राधिका है, वो भी दिल्ली में ही है। ससुराल मोकामा में है। हमें पता चला कि उनका एक्सीडेंट हो गया है। फिर पता चला कि गोली मारी गई है।" चाचा ने बताया, "गांव में माता-पिता रहते हैं। अभिषेक पत्नी के साथ दिल्ली में ही रहता था। अभी मायके में किसी की शादी थी तो आई थी। 6 मार्च को ही गई है। दोनों को डेढ़ साल की एक लड़की है। पढ़ाई लिखाई सब यहीं से हुई है। नौकरी 2016 में लगी थी।"

## नशा मुक्त सहरसा की ओर कदम: जागरूकता अभियान की शुरुआत, जन-जागरूकता रथ रवाना




**लोकतंत्र की शान**

**सहरसा, मोहम्मद ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता:** सहरसा जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित 'नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA)' को गति देने के लिए सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहरसा द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग (सामाजिक सुरक्षा निदेशालय) के निर्देशानुसार जिले में व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान गीत (कैम्पेन सॉन्ग) लॉन्च किया गया। इसके साथ ही समाहरणालय परिसर से 'जन-जागरूकता रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति सचेत करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। रथ के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता के साथ डायरेक्टर DRDA, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, महाप्रबंधक उद्योग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिहार में एलपीजी की कोई कमी नहीं- डीएम, दानापुर-कंकड़बाग में रेस्टोरेंट-कैफे सील

**लोकतंत्र की शान, पटना**

पटना समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने एलपीजी गैस की उपलब्धता, आपूर्ति और निगरानी को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। साथ ही ब्लैकमार्केटिंग, जमाखोरी या घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**75 वार्ड पार्षदों के साथ समीक्षा बैठक:** डीएम ने बताया कि पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों के पार्षदों के साथ एलपीजी आपूर्ति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में नगर आयुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति) और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में पार्षदों को सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई तथा उनसे फीडबैक लिया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

**ब्लैकमार्केटिंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश:** जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर तुरंत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गैस एजेंसियों को भी जिम्मेदारीपूर्वक और उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

**जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता:** प्रेस वार्ता में डीएम ने बताया कि पटना जिले में कुल 136 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं और एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 16,65,360 है। अब तक 6,89,055 सिलेंडर की बुकिंग की जा चुकी है और प्रतिदिन औसतन 35 से 40



हजार बुकिंग हो रही है। सभी कंपनियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

**पैनिक बुकिंग से बचने की अपील, हेल्पलाइन जारी:** डीएम ने आम लोगों से अपील की कि वे पैनिक बुकिंग न करें और किसी भी भ्रामक या अपुष्ट सूचना पर ध्यान न दें। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 24x7 जिला एलपीजी गैस हेल्पलाइन नंबर 0612-2219810 जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है।

**ब्लैकमार्केटिंग, जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

**दानापुर में रेस्टोरेंट सील, एफआईआर दर्ज:** डीएम के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर द्वारा विभिन्न होटलों की जांच की गई। जांच में "स्वाद सरोवर रेस्टोरेंट" में घरेलू गैस के उपयोग का मामला सामने आया। तत्काल प्रभाव से रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बाढ़ अनुमंडल में जांच के दौरान "नीलम किचन" द्वारा घरेलू गैस के दुरुपयोग का मामला सामने आया। डीएम के निर्देश पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके अलावा एक व्यक्ति के खिलाफ गैस सिलेंडर की जमाखोरी के आरोप में भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**कंकड़बाग में 'डाउन टाउन कैफे' सील:** डीएम ने बताया कि पटना सदर अनुमंडल में कंकड़बाग स्थित "डाउन टाउन कैफे" में घरेलू गैस के इस्तेमाल की पुष्टि हुई। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कैफे को सील कर दिया और प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पटना सिटी अनुमंडल में "चंपारण चूल्हा" नामक प्रतिष्ठान में घरेलू गैस के दुरुपयोग का मामला सामने आया। डीएम के निर्देश पर यहां भी प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

**उपभोक्ताओं के हित में सख्त रुख:** जिलाधिकारी ने कहा कि एलपीजी गैस की पारदर्शी और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है और जरूरत पड़ने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल के छात्र कान्हा साहू का सैनिक के साथ नवोदय में चयन



**लोकतंत्र की शान, सीधी।** चुरहट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र कान्हा साहू ने एक बार फिर अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर बड़ी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कान्हा साहू ने पहले सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में शानदार मेरिट प्राप्त कर अपनी काबिलियत साबित की थी, और अब उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में भी चयन प्राप्त किया है। लगातार दो प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता यह दर्शाती है कि कान्हा का लक्ष्य स्पष्ट है और वे पूरे समर्पण के साथ अपने सपनों को साकार करने में जुटे हुए हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के शिक्षकगण और प्रबंधन ने कान्हा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कान्हा साहू की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा है, जो यह सिखाती है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊँचाइयों को छूते रहें और अपने क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन करें।

### रेवाड़ी में मध्य प्रदेश की महिला ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**लोकतंत्र की शान, रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले के रामपुरा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिवार में मातम का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश का रहने वाला पप्पू रेवाड़ी में मजदूरी का काम करता है और अपने परिवार के साथ रामपुरा में किराए के मकान में रह रहा था। उसकी 40 वर्षीय पत्नी अनीता ने मंगलवार रात घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार अलसुबह जब परिवार के लोगों को इस घटना का पता चला तो घर में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए मौका का मुआयना किया। इसके बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट मिलने की पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में घरेलू कारणों की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। रामपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। इस घटना के बाद आसपास के लोगों में भी शोक की लहर है। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पलवल में छेड़छाड़ से तंग आकर नाबालिग छात्रा ने दी जान, दो आरोपियों पर केस दर्ज

**लोकतंत्र की शान, पलवल।** हरियाणा के पलवल जिले के गदपुरी थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ और लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। छात्रा का शव घर में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने शिकायत में कहा कि गांव के ही सलमान और पेप्सी नामक युवक पिछले करीब छह माह से उसकी बेटी का स्कूल जाते और लौटते समय पीछा करते थे। वे उसके साथ छेड़छाड़ करते थे, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। हालात इतने बिगड़ गए कि छात्रा ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। परिजनों का आरोप है कि जब लड़की ने स्कूल जाना बंद कर दिया तो आरोपी युवक उसके घर के आसपास मंडराने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लड़की के भाई के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, सोमवार को जब लड़की का भाई घर पर अकेला था, तब एक आरोपी जबरन घर में घुस आया और लड़की का हाथ पकड़कर खींचने लगा। विरोध करने पर वह मौके से फरार हो गया। अगले दिन जब परिजन आरोपियों के घर शिकायत करने गए तो वे नहीं मिले। मंगलवार देर शाम जब पिता ड्यूटी से लौटे तो उन्होंने अपनी बेटी को घर में फंदे से लटका पाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले की जांच डीएसपी नरेंद्र खटाना को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक और रोष का माहौल है।

### जोधपुर केंद्रीय कारागार में एक घंटे की सर्च में मिला सिम कार्ड

**लोकतंत्र की शान, जोधपुर।** देश की सबसे सुरक्षित समझी जाने वाली जोधपुर लगातार सुर्खियों में है। यहां पर आए दिन मिलने वाली अवांछिय सामग्री के चलते जेलर सस्पेंड तक हो चुके है और जेल अधीक्षक एपीओ कर दिए गए है। एक बार फिर जेल में मोबाइल सिम कार्ड मिला है। मंगलवार की शाम को जेल में सर्च अभियान चलाया गया। तब यह सिमकार्ड मिला। जोकि शुगर मशीन के ढक्कन के पीछे छिपाकर रखा गया था। इस बारे में कारापाल की तरफ से रातानाडा थाने में कुछ बंदियों को नामजद कर रिपोर्ट दी गई है। जोधपुर जेल के कारापाल कुलदीप सिंह ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि मंगलवार की शाम साढ़े चार से साढ़े पांच बजे तक जेल में एक घंटे का सर्च अभियान चलाया गया। एक बैरिक में तलाशी ली गई तब एक शुगर रोग मशीन के ढक्कन के पीछे मोबाइल की सिम मिली। चार बंदी इस बैरिक में थे जिन्होंने आरंभक पूछताछ में सिम के बारे में अनभिज्ञता जता दी। रिपोर्ट में चार बंदियों बद्रीराम, गंगाराम, अमलेश एवं दाउराम को नामजद किया गया है। रातानाडा पुलिस अब जांच में जुटी है।

### अवैध 12 क्विंटल डोडापोस्ट के मामले में आरोपी को 20 साल की कठोर सजा

**लोकतंत्र की शान, जोधपुर।** एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 4 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपि को 20 वर्षों का कठोर कारावास और 2 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर के विशिष्ट लोक अभियोजक किशन सिंह नाहर ने बताया कि दिनांक 24/09/2021 आसूचना अधिकारी मिश्रीलाल मीणा एनसीबी जोधपुर यूनिट ने निम्बली टोल प्लाजा जोधपुर पाली हाईवे होते हुवे जोधपुर मे दीलिपसिह सप्लाई देगा। दौराने नाकाबंदी ट्रक ट्रेलर रोकने का ईशारा करने पर भी चालक दीलिपसिह द्वारा नही रोकने पर पीछा कर रूकवाया तथा ट्रक की तलाशी लेने 1200.625 किलोग्राम प्लास्टिक कट्टो मे अवैध डोडा चुरा भरा पाये जाने के साथ गिरफ्तार किया तथा बाद अनुसंधान आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। किशन सिंह नाहर विशिष्ट लोक अभियोजक एनसीबी जोधपुर ने न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उतरोतर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों के अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पडने की वजह से आरोपी को कठोरतम सजा देने की मांग की जबकि आरोपी ने नरमी बरतने का आग्रह किया।

# यातायात पुलिस के इंतजाम पर भारी पड़ रहे बाजार के व्यापारी

» बाजार क्षेत्र में नहीं मिल रही लोगों को जाम के झाम से मुक्ति
» गांधी चौक से लालता चौक तक हर दिन लग रहा जाम
» आजाद नगर मार्ग में भी जाम की समस्या गंभीर

लोकतंत्र की शान, (कुं ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)



**सीधी।** शहर के बाजार क्षेत्र में लगने वाले भारी जाम के चलते लोगों की भारी फजीहतें हो रही हैं। गांधी चौक से लालता चौक एवं सोनांचल बस स्टैंड से संबद्ध आजाद नगर मार्ग में लगने वाला जाम लोगों को काफी परेशान कर रहा है। विडंबना यह है कि उक्त मार्गों में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक जाम की भारी समस्या बनी रहती है। जाम लगने का प्रमुख कारण इन मार्गों में सैकड़ों की संख्या में आटो रिक्शा का चलना है। बाजार क्षेत्र में सवारी न मिलने के बाद भी सैकड़ों आटो जमे रहते हैं। जिसके चलते जाम की समस्या गंभीर बनी हुई है। तत्संबंध में चर्चा के दौरान कुछ व्यापारियों ने कहा कि शहर में यातायात की व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए यातायात थाना बनाया गया है। यातायात थाने में भारी-भरकम स्टाफ भी पदस्थ हैं। फिर भी यह नहीं पता चलता कि यातायात पुलिस कर्मी दिन के समय बाजार क्षेत्र में यातायात की व्यवस्था सुचारू बनाने की बजाय कहां ड्यूटी करते हैं। सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी गांधी चौक, डीपी काम्प्लेक्स के सामने, सोनांचल बस स्टैंड के सामने, लालता चौक, आजाद नगर मार्ग पर यदि प्राथमिकता से लगाई जाए तो जाम की समस्या निर्मित न हो। फिर भी यातायात पुलिस की मनमानी बनी हुई है। उनके द्वारा कहां ड्यूटी की जाती है यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जाम की समस्या में सबसे ज्यादा आम लोग ही फंसकर लंबे समय तक परेशान होते हैं। यदि कभी कभार जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के वाहन भी फंसे तो उनको भी निकलना मुश्किल हो जाता है।

## चैत्र नवरात्रि एवं जवारा विसर्जन पर निगम प्रशासन की आवश्यक व्यवस्था हेतु निगमायुक्त ने सौंपे दायित्व

व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने अधिकारियों को दिए निर्देश



लोकतंत्र किस हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्यप्रदेश

**कटनीः** चैत्र नवरात्रि का पर्व 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च को जवारा विसर्जन के साथ समाप्त होगा नवरात्रि पर्व में प्रतिदिन सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना हेतु शहर के विभिन्न देवी मंदिरों जैसे-जालपा मंदिर, झंडा बाजार देवी माता मंदिर, घंटाघर काली मंदिर, गाटर घाट रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर, मरही माता मंदिर, शहीद द्वार के पास दुर्गा माता मंदिर, शीतला मंदिर पुराना जंगल दफ्तर के पास, बरगवां स्थित भूमि प्रकट शारदा मंदिर, विश्राम बाबा काली मंदिर, पाठक वार्ड स्थित बनखंडी शारदा मंदिर, लखेरा स्थित खेरमाई मंदिर, नालंदा स्कूल के पास दुर्गा माता मंदिर सहित शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा की जाने वाली विभागीय व्यवस्था हेतु अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए है।

## भरे बाजार घुसा ट्रक,पोल से हुई टक्कर, अंधेरे में उपभोक्ता

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** शहर के पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में बुधवार को तेंदू पत्ते से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गया। इस दुर्घटना के कारण लगभग 250 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे क्षेत्र के लोग पिछले 8 घंटे से अधिक समय से अंधेरे में हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक नितिन गौतम को रास्ते की सही जानकारी नहीं थी। चालक ने बताया कि वह सीधी से हनुमान की ओर जा रहा था, लेकिन किसी व्यक्ति द्वारा गलत दिशा बताने के कारण वह एक संकरी गली में पहुंच गया। गाड़ी को पीछे करते समय ट्रक सीधे विद्युत पोल से टकरा गया। इस टक्कर से विद्युत पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आसपास के कई बिजली के तार टूटकर सड़क पर बिखर गए। स्थानीय निवासी वंश लखन पटेल ने बताया कि केवल एक पोल ही नहीं, बल्कि करीब आठ खंभों के तार भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को रोक लिया और उससे तत्काल विद्युत व्यवस्था बहाल करवाने की मांग की। इस दुर्घटना में दो मोटरसाइकिलें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं और एक कार का शीशा टूट गया है। मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई जा रही है। बिजली विभाग के जेई शिव जागर मिश्रा ने बताया कि पोल और तारों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण सुधार कार्य में समय लग रहा है। विभाग की टीम मौके पर लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई है और जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय ने जानकारी दी कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के निवासी बिजली बहाली का इंतजार कर रहे हैं।

## श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर समिति रोशन नगर में हुआ नवीन कार्यकारिणी का गठन

» सर्वसम्मिति से मनोज गुप्ता एडवोकेट अध्यक्ष और संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट सचिव नियुक्त

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी :** कटनी श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर समिति रोशन नगर का पुनर्गठन सर्वसम्मिति से किया गयामंदिर समिति के निवर्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर समिति के 03 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर अध्यक्ष व सचिव की नियुक्ति के संबंध में बैठक का आयोजन किया गयाबैठक में समिति के सदस्य विजय साहू द्वारा अध्यक्ष पद के लिए मनोज गुप्ता एडवोकेट और सचिव पद के लिए संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट का नाम प्रस्तावित किया गया जिस का समर्थन निवर्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम गौतम द्वारा किया गया और उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मिति से अध्यक्ष और सचिव पद पर अपनी सहमति व्यक्त की मंदिर के पुजारी रामराज त्रिपाठी जी द्वारा तिलक लगाकर और निवर्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम गौतम द्वारा माला पहनाकर नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट और सचिव संतोष श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट और सचिव संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट ने शीघ्र ही कार्यकारिणी का गठन कर मंदिर के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लियाइस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम गौतम, रामराज त्रिपाठी, वामन राव करपते, सुरजदीन सोनी, रामलाल कुशवाहा, विजय साहू, दिनेश पांडेय, विवेक सोनी, हरिवंश तिवारी, अशोक साहू, रामदास झारिया, सिपाही लाल शर्मा, तिवारी जी, मिश्रा जी उपस्थित थे

# भाजपा का प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को खरा सोना बनाने की अद्भुत कार्य पद्धति : रीती पाठक

» भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला उद्घाटित

लोकतंत्र की शान , (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत सीधी नगर मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं संभागीय प्रशिक्षण सह प्रभारी के के तिवारी, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू की विशिष्ट उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन सत्र में वतौर मुख्य अतिथि सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण नित्य प्रति नवीनता, ऊर्जा और उत्साह बनाए रखने के लिए किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को खरा सोना बनाने की अद्भुत कार्य पद्धति है। भाजपा बेमिसाल और अनोखे कार्यकर्ताओं की विशाल फौज है। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि दो दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों का प्रबोधन होगा, जिसका अनुकरण हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए पाथेय साबित होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन का निर्माण होता है। हम भारतीय जनता पार्टी जैसे विशाल वट-वृक्ष की शाखाएं हैं। यह हम सभी के लिए सौभाग्य और गौरव की बात है। 2 दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण में हम सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रशिक्षण का लाभ लेंगे। दिनक्रम का कठोरता से पालन करेंगे। शानदार वर्ग के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने शुभकामनाएं दी।।प्रथम सत्र मे भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रशिक्षण अभियान के संभागीय सह प्रभारी के के तिवारी ने भाजपा के इतिहास और विकास को विस्तार से बताया। श्री तिवारी ने कहा कि 15 लाख से अधिक विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण वर्ग के लिए तैयार हुए हैं, जो केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक विभिन्न विषयों का प्रतिपादन करेंगे। प्रशिक्षण हमारे कार्य पद्धति का प्राण है, जो हमें अन्य राजनीतिक दलों से अति विशिष्ट बनाती है। भाजपा का प्रशिक्षण स्व अनुशासन पर आधारित होता है। श्री तिवारी ने जन संघ से लेकर विश्व की सर्वाधिक बड़ी पार्टी भाजपा बनने तक की विकास गाथा के एक-एक चरण को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण वर्ग में राम प्रसाद वैश्य, शत्रुघ्न प्रसाद तिवारी, डॉ देवेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, विश्व बंधुधर द्विवेदी, लाल चंद्र गुप्ता और डॉ विक्रम सिंह चौहान ने विभिन्न विषयों का प्रतिपादन किया। वर्ग गीत कंचन केसरी और वंदे मातरम मुनिराज विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल में निवास रत सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कर्ज लेकर घी पीने का काम कर रही प्रदेश सरकार -अजय सिंह

लोकतंत्र की शान , (कुं ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)



» बजट खर्च करने में फिसड्डी और कर्ज लेने में अव्वल है प्रदेश सरकार
» बची हुई राशि को अनाप शनाप तरीके से ठिकाने लगाने की तैयारी,
» पैसे की बरबादी और भ्रष्टाचार के संकेत

**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह ने कहा है कि वित्त वर्ष खत्म होने में मात्र 12 दिन बचे हैं, लेकिन सरकार अब भी बजट का 33 प्रतिशत यानी लगभग एक लाख दस हजार करोड़ रुपये खर्च नहीं कर पाई है। श्री सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि पूरे साल हाथ पर हाथ धरे बैठी सरकार अब आखिरी पखवाड़े में इस भारी भरकम राशि को अनाप-शनाप तरीके से ठिकाने लगाने की तैयारी में है। यह सीधे तौर पर जनता के पैसे की बर्बादी और भ्रष्टाचार का संकेत है। अजय सिंह ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ तो सरकार विकास के नाम पर 'कर्ज पर कर्ज' ले रही है, वहीं दूसरी तरफ बजट की राशि को सही समय पर खर्च करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। स्वास्थ्य, लोक निर्माण, कृषि और नवकरणीय उर्जा जैसे प्राथमिकता वाले विभागों में बजट का औसतन खर्च लगभग साठ प्रतिशत हुआ है।

## पलवल में कार सवार की पीट-पीटकर हत्या, खेत में लहूलुहान मिला शव, केस दर्ज

लोकतंत्र की शान

**पलवल।** जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव के पास एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का शव गेहूं के खेत में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला, जबकि उसकी कार सड़क किनारे खड़ी मिली। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सुर्जन का नंगला (हाफजाबाद) निवासी 45 वर्षीय सहरु के रूप में हुई है। मृतक के भाई मोरमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सहरु 16 मार्च की दोपहर करीब दो बजे अपनी कार से किसी निजी काम से हसनपुर गया था। शाम को सहरु ने अपने बेटे सुहान को फोन कर बताया कि कुछ लोगों ने उसे काशीपुर के पास घेर लिया है। फोन पर उसकी आवाज घबराई हुई थी। सूचना मिलते ही सुहान और उसका भतीजा शोएब मौके पर पहुंचे। वहां सड़क किनारे सहरु की कार खड़ी मिली, जबकि पास के गेहूं के खेत में सहरु लहूलुहान हालत में बेहोश पड़ा था। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल पलवल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हसनपुर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बुधवार को बताया कि मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मृतक की कॉल डिटेल्स भी जांच के दायरे में हैं। आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने प्रशासन सख्त, 11 सिलेण्डर जब्त

लोकतंत्र की शान , (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि गैस सिलेण्डर की घबराहट में बुकिंग (पैनिक बुकिंग) न करें तथा घरेलू गैस का उपयोग केवल आवश्यकता अनुसार ही करें। साथ ही गैस एजेंसियों को कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि वर्तमान में बुकिंग सर्वर एवं गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य है। जिले में 3996 सिलेण्डर भंडारित हैं तथा प्रतिदिन लगभग 2036 सिलेण्डरों का वितरण किया जा रहा है, जो सामान्य परिस्थितियों की तुलना में लगभग 500 सिलेण्डरों की अधिक आपूर्ति है। कलेक्टर द्वारा गैस वितरकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाए। वहीं होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को कमर्शियल गैस की संभावित कमी को देखते हुए वैकल्पिक ईंधन के उपयोग की सलाह दी गई है। शासन के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से होटलों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में 17 मार्च 2026 को चौपाटी गांधी चौराहा, सीधी स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर 11 सिलेण्डरों को द्रवित पेट्रोलियम प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के तहत जब्त किया गया। संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को समझाइश दी गई कि घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग व्यवसायिक कार्यों के लिए न करें।

संक्षिप्त समाचार

### सीरिया-लीबिया जंग में शामिल रहा यूएस नागरिक भारत में गिरफ्तार, एनआईए ने 6 यूक्रेनी भी पकड़े

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने 13 मार्च को दिल्ली, लखनऊ और कोलकाता से 7 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। इनमें यूक्रेन के छह और एक अमेरिकी नागरिक शामिल है। एजेंसी के मुताबिक ये लोग भारत खासकर नॉर्थ-ईस्ट में उग्रवाद को समर्थन कर रहे थे। साथ ही म्यांमार के सशस्त्र समूहों तक हथियार पहुंचाने, लड़ाकों को ट्रेनिंग देने और ट्रेनिंग कैंप्स को सपोर्ट कर रहे थे। इसके लिए यूरोप से मंगाए गए ड्रोन का इस्तेमाल करने की तैयारी थी, जिसमें ड्रोन चलाना, बनाना और उसे रोकने की तकनीक शामिल थी। गिरफ्तार लोगों में अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैन डाइक भी शामिल है। मैथ्यू 2011 के लीबिया सिविल वॉर और सीरिया गृह युद्ध में सत्ता के खिलाफ लड़ाई में विदेशी फाइटर के रूप में शामिल हुआ था। उसने रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेनी युवाओं को भी ट्रेनिंग दी है। NIA ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू के अलावा यूक्रेन के हुर्बा पेट्रो, तारास स्लीव्याक, इवान सुकमानोव्स्की, मारियन स्टेफानकिव, मैक्सिम होनचारूक और विक्टर कामिंस्की को भी गिरफ्तार किया है। इन पर आतंकवादी साजिश (धारा 18) और BNS के तहत केस दर्ज किया है। इस बीच यूक्रेन ने भारत को विरोध पत्र भेजकर अपने नागरिकों की रिहाई की मांग की है।



### बस किराया बढ़ा तो बुजुर्ग को पार्सल करने की कोशिश, बेंगलुरु में कूरियर खुला तो जिंदा निकला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक परिवार ने बुजुर्ग को बोरे में बांधकर कूरियर से पार्सल करने की कोशिश की। परिवार ने यह कदम बस किराया बढ़ने के विरोध में उठाया। घटना मंगलवार शाम की है, जिसका वीडियो बुधवार को सामने आया। कूरियर सेंटर के कर्मचारियों को बोरे में हलचल दिखी तो उन्होंने उसे खोलकर देखा। अंदर से एक बुजुर्ग व्यक्ति निकला। इसके बाद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक परिवार एक निजी कूरियर सेंटर पहुंचा और कहा कि वे बुजुर्ग को पार्सल करना चाहते हैं। बोरी में बंद होने के कारण बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिससे स्थिति गंभीर हो गई। पुलिस की पूछताछ में बुजुर्ग की बेटी ने बताया कि यह पूरा मामला सोशल मीडिया रील बनाने के लिए किया गया था। परिवार ने बुजुर्ग को एक बोरी में डालकर यह स्टंट किया। परिवार ने पुलिस और लोगों से माफी मांगी। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह का स्टंट किसी की जान को खतरे में डाल सकता है और इसके गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते हैं। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया। परिवार से वीडियो के जरिए माफी मंगवाकर सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया।



### असम कांग्रेस के प्रद्युत बोरदोलोई ने बीजेपी जॉइन की

**गुवाहाटी/कोलकाता/चेन्नई/तिरुवनंतपुरम।** असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बुधवार को बीजेपी जॉइन कर ली। उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। वे असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मुझे घुटन महसूस हो रही थी। मेरा अपमान किया जा रहा था। बीजेपी आज कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी 126 विधानसभा सीटों में से 89 पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 37 में से असम गण परिषद (एजीपी) 26 सीटों पर, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इधर, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने 5 DIG और 13 IAS अधिकारियों का तबादला कर दिया। आयोग ने 6 नए जिलों में नए जिला मजिस्ट्रेट (DM) नियुक्त किए हैं, जिन्हें जिला चुनाव अधिकारी (DEO) की जिम्मेदारी भी दी गई है। केरल विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (AAP) ने 21 कैंडिडेट्स की दूसरी लिस्ट जारी की है। इससे पहले गुरुवार को पार्टी ने 22 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। कांग्रेस और बीजेपी भी केरल में पहले कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी कर चुकी है।



### यूपी-दिल्ली छोड़कर पूरे देश में बारिश का अलर्ट, कर्नाटक के धारवाड़ में ओले गिरे, कालघाटगी बना मिनी कश्मीर

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** देश के कई हिस्सों में पिछले तीन दिनों से आंधी, बारिश और ओले गिरने का दौर जारी है। IMD के मुताबिक 18 मार्च से स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इस वजह से मौसम विभाग ने आज पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के विदर्भ में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है, जबकि हिमाचल और छत्तीसगढ़ में ओले गिरने की भी आशंका है। इधर, कर्नाटक के धारवाड़ जिले की कालघाटगी में भारी बारिश हुई। इसके साथ ओले गिरे। सड़कों पर, घरों पर ओलों की मोटी परत जम गई। इससे यह इलाका मिनी कश्मीर की तरह नजर आने लगा। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में मंगलवार को भी बर्फबारी हुई। कठुआ के सरथल, हिमाचल के कुल्लू और लाहौल स्पीति में बर्फबारी जारी है। मेघालय में भी खराब मौसम का असर देखने को मिला। रीभोई में तेज आंधी और भारी बारिश से 1028 घरों को नुकसान हुआ है। करीब 5000 लोग प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उमलिंग और जिरांग ब्लॉक के गांवों में हुआ।



### आदि कैलाश यात्रा 1 मई से शुरू होगी, उत्तराखंड में 14,500 फीट ऊंचाई पर खुलेंगे मंदिर के कपाट

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में आगामी 1 मई को शिव-पार्वती मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही आदि कैलाश यात्रा शुरू हो जाएगी। पिथौरागढ़ में 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पावन धाम के द्वार खुलना यात्रा के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक है। इसके साथ ही, उच्च हिमालयी क्षेत्रों के सीमांत गांवों में शीतकालीन प्रवास (माइग्रेशन) खत्म कर ग्रामीणों की वापसी का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। कुटी गांव में ग्राम प्रधान नगेंद्र सिंह कुटियाल और पुजारियों की बैठक हुई, जिसमें रं समाज की परंपरा के तहत व्यवस्थाओं पर चर्चा के बाद कपाट खोलने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पुजारी चेत सिंह कुटियाल, गोपाल सिंह, बिरेंद्र सिंह और हरीश कुटियाल आदि ने महत्वपूर्ण राय रखी। ग्राम प्रधान के अनुसार, आस्था के इस द्वार के खुलने से सीमांत गांवों में एक बार फिर रौनक लौट आएगी। ग्रामीण अपना शीतकालीन प्रवास समाप्त कर वापस अपने गांवों की ओर लौटना शुरू करेंगे। इसके साथ ही, श्रद्धालु पवित्र आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन व पूजन कर सकेंगे। ग्राम प्रधान ने बताया, ज्योलिंगकांग क्षेत्र में कचरा फैलने की समस्या को देखते हुए इस बार श्रद्धालुओं को कूड़ा एकत्र करने के लिए बैग और पानी की बोतलें दी जाएंगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक भी किया जाएगा। स्थानीय होम स्टे संचालक कुंवर सिंह कुटियाल का कहना है कि पहले पूरी यात्रा पैदल होती थी, लेकिन अब सड़क बनने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है।

# वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

## ट्रम्प बोले- क्यूबा को हासिल करके रहूंगा, 65 साल से दोनों देशों में विवाद

**एजेंसी, हवाना**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, "किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा... चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं।" न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं।

**अमेरिका ने क्यूबा को होने वाली तेल सप्लाई रोकी:** ट्रम्प ने इससे पहले रविवार को



एयर फोर्स वन में भी कहा था, "मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं... जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे।" उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया। इसका असर क्यूबा में साफ दिख रहा है। 9 जनवरी के बाद से वहां कोई बड़ी तेल सप्लाई नहीं पहुंची है। वहां हालात तेजी से खराब हो रहे हैं। क्यूबा के ब्लैक मार्केट में पेट्रोल करीब 35 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गया है रोजाना बिजली कट रही है, सोमवार को पूरे देश में ब्लैकआउट हुआ। अस्पतालों में सर्जरी टल रही हैं। दवाइयों की कमी हो रही है और खाने की समस्या बढ़ रही है। इन हालात में क्यूबा की सरकार पर दबाव बढ़ गया है।

**ट्रम्प से डील की कोशिश कर रहा क्यूबा:** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने हाल ही में देश को संबोधित करते हुए माना कि अमेरिका से बातचीत चल रही है और जल्द ही अर्थव्यवस्था खोलने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। साथ ही खबर यह भी है कि अमेरिका चाहता है कि क्यूबा के राष्ट्रपति पद से डियाज-कैनेल हटें। हालांकि, अमेरिका फिलहाल कास्त्रो परिवार के खिलाफ सीधी कार्रवाई की बात नहीं कर रहा है। यह रणनीति वैसी ही है जैसी वेनेजुएला में अपनाई गई थी। यानी ट्रम्प क्यूबा में सरकार बदलने के बजाय उसे अपने हिसाब से चलने के लिए मजबूर करना चाहते हैं।

## चीन जा रहा रूसी तेल का जहाज अब भारत की ओर मुड़ा, 21 मार्च को पहुंचेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रूस का एक तेल टैंकर, जो पहले चीन जा रहा था, अब रास्ता बदलकर भारत आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'एक्वा टाइटन' नाम का यह जहाज रूस के बाल्टिक सागर से तेल लेकर निकला था और उसे चीन के रिजाओ पोर्ट जाना था। लेकिन मार्च के बीच में साउथ चाइना सी पहुंचते ही इसने अपना रास्ता बदल लिया और अब यह 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बदलाव इसलिए हुआ क्योंकि भारत ने अचानक रूस से तेल खरीदना बढ़ा दिया है।

असल में, ईरान में चल रहे युद्ध की वजह से मिडिल ईस्ट से आने वाली तेल सप्लाई पर असर पड़ा है। इसी बीच अमेरिका ने भारत को कुछ समय के लिए रूस से ज्यादा तेल खरीदने की छूट दे दी। इसके बाद भारत ने सिर्फ एक हफ्ते में करीब 3 करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया। अब हालत यह है कि भारत की लगभग सभी बड़ी रिफाइनरियां रूसी तेल खरीद रही हैं। इसी वजह से कई जहाज, जो पहले चीन जा रहे थे, अब अपना रास्ता बदलकर भारत की तरफ आ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम 7 टैंकर ऐसा कर चुके हैं।

इसी तरह 'जौजू एन' नाम का एक और टैंकर, जो रूस के ब्लैक सी से कजाखिस्तान का तेल लेकर चीन जा रहा था, उसने भी अपना रास्ता बदल लिया है और अब भारत के सिक्का पोर्ट की तरफ आ रहा है।

माना जा रहा है कि आगे चलकर जापान और साउथ कोरिया जैसे देश भी फिर से रूस से तेल खरीदना शुरू कर सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो तेल की कीमतों पर असर पड़ सकता है। कुल मिलाकर, ईरान युद्ध के कारण बने हालात में रूस अब भारत के लिए एक बड़ा तेल सप्लायर बनता जा रहा है और इस समय चीन से ज्यादा प्राथमिकता भारत को मिल रही है।

## भारत ने जंग के बीच ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**

इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया। दूतावास ने मेडिकल सप्लाई सौंपने का वीडियो भी शेयर किया।

दूसरी ओर इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब को एयरस्ट्राइक में मार गिराया है। हालांकि इस दावे की



ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**भारतीय जहाज 'जग लाडकी' गुजरात पहुंचा:** भारतीय झंडे वाला तेल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात के मुंद्रा स्थित अडाणी पोर्ट्स पर पहुंच गया है। यह UAE के फुजैराह पोर्ट से होर्मुज स्ट्रेट पार करते हुए आया है। इसपर 80,886 मीट्रिक टन(लगभग 5.8–6 लाख बैरल) कच्चा तेल लदा है। भारत में हर रोज लगभग 5.5–5.6 मिलियन बैरल (करीब 90 करोड़ लीटर) तेल की खपत होती है।

## पाकिस्तान को सस्ता तेल देने को तैयार रूस, बोला- वो खुद बात करे, पाक के पास सिर्फ 11 दिन का ऑयल रिजर्व

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल देने के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक पाकिस्तान की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक मांग नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद पहल करता है, तो रूस उसे कम कीमत पर तेल सप्लाई कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल की कीमत करीब 70 से 76 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यही कीमत 95 से 105 डॉलर प्रति बैरल के बीच है। वहीं, पाकिस्तान के पेट्रोलियम सचिव ने संसद की एक समिति को बताया कि देश के पास फिलहाल सिर्फ 11 दिन का कच्चा तेल बचा है। वहीं, पेट्रोल 321 PKR (पाकिस्तानी रुपए) और डीजल 335 PKR प्रति लीटर मिल रहा है।

**पाकिस्तान होर्मुज से तेल लाने के लिए ईरान से बात कर रहा:** पाकिस्तान सरकार ईरान से बात कर रही है ताकि होर्मुज स्ट्रेट से तेल लाने की इजाजत मिल सके। अगर मंजूरी मिलती है, तो पाकिस्तान के चार जहाज इस रास्ते से तेल



ला सकते हैं। साथ ही अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल के बाद देश में गैस की भारी कमी हो सकती है, क्योंकि LNG की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। पाकिस्तान का करीब 70% तेल मिडिल ईस्ट से आता है, लेकिन जंग के कारण शिपिंग रूट और सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। तेल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं। डीजल की कीमत 88 डॉलर से बढ़कर 187 डॉलर और पेट्रोल 74 डॉलर से बढ़कर 130 डॉलर तक पहुंच गया है। पहले जहां तेल 4-5 दिन में पहुंच जाता था, अब रेड सी के रास्ते आने में करीब 12 दिन लग रहे हैं।

**पाकिस्तान में कतर से आने वाली गैस सप्लाई बंद:** अधिकारियों ने यह भी बताया कि कतर से आने वाली गैस सप्लाई लगभग बंद हो गई है। मार्च में आने वाले 8 LNG कार्गो में से सिर्फ 2 ही पहुंचे, जबकि अप्रैल में भी आधे से ज्यादा कार्गो नहीं पहुंच सकते। ऐसे में गैस की सप्लाई घट सकती है और सरकार घरेलू इस्तेमाल के लिए गैस बचाने पर विचार कर रही है। हालात को संभालने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने 23 अरब पाकिस्तानी रुपए की सब्सिडी देने का फैसला किया है, जो मोटरसाइकिल और रिक्शा चलाने वाले करीब 3 करोड़ लोगों को दी जाएगी। यह पैसा सरकार की बचत से दिया जाएगा, जो खर्च कम करने की पॉलिसी से आया है। सरकार रोजाना तेल के स्टॉक पर नजर रख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में अभी तेल की सप्लाई ठीक है और लोगों को बेवजह पेट्रोल जमा करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई जमाखोरी की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्थान में एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा, आग लगी नेशनल हाईवे पर 200 मीटर तक लपटें फैली

**एजेंसी, सांचौर (जालोर)**

राजस्थान के जालोर जिले में जैसलमेर-जामनगर नेशनल हाईवे (NH-68) पर एथेनॉल से भरा टैंकर पलट गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद सड़क पर 200 मीटर तक लपटें फैल गई। टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि उसके साथ बैठा भाई समय रहते कूद गया। हादसा बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बाड़मेर से गुजरात की तरफ जा रहा था। इस दौरान सिंवाड़ा ओवरब्रिज पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सांचौर एसडीएम प्रमोद कुमार और सिंवाड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

**टैंकर बाड़मेर से गुजरात की ओर जा रहा था:** चितलवाना थाने के ASI मोहनलाल ने बताया- गुजरात नंबर (GJ-12-BZ-9820) का टैंकर बाड़मेर से गुजरात की ओर जा रहा था। हादसे में बाड़मेर के गुड़ामालानी के मोखावा निवासी ड्राइवर सुखराम (34) पुत्र देदाराम मेघवाल की मौत हो गई। सुखराम के बुआ के बेटे नरसीराम (26) पुत्र जोधाराम मेघवाल समय रहते टैंकर से कूद गया और उसकी जान



बच गई। नरसीराम को सिंवाड़ा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया।

**टैंकर में भरा था एथेनॉल:** बाड़मेर के आथेथला निवासी बाबूराम मेघवाल ने बताया- ये टैंकर मुरलीधर कंपनी (जामनगर) का है। टैंकर भंटिडा (पंजाब) से कांडला (गुजरात) जा रहा था। इसमें एथेनॉल भरा था। मैं भी इसी कंपनी में काम करता हूं। नरसीराम और सुखराम मेरे रिश्तेदार है। भंटिडा से एक अन्य ड्राइवर भी टैंकर में था, जो गुड़ामालानी उतर गया था।

**घायल बोला- टैंकर में क्या था, मुझे नहीं पता:** घायल नरसीराम ने बताया- मैं मामा के बेटे सुखराम के साथ गुड़ामालानी से टैंकर में बैठा था। इस दौरान सिवाड़ा के पास गाड़ी पलट गई। गाड़ी

♦ **ड्राइवर जिंदा जला, भाई ने कूदकर जान बचाई**

पलटते ही अचानक आग लग गई। जैसे-तैसे मैं बाहर निकल गया, लेकिन सुखराम गाड़ी में फंस गया। टैंकर में क्या था, मुझे पता नहीं है।

**टायर फटने जैसी आवाज आई और टैंकर पलटा:** प्रत्यक्षदर्शी जीवाराम मेघवाल ने बताया- जहां पर हादसा हुआ, उसके पास ही मेरा खेत है। जब मैं खेत में काम कर रहा था, तभी टायर फटने जैसी आवाज आई। देखा कि एक टैंकर का अचानक बैलेंस बिगड़ गया और सर्विस रोड की तरफ पलट गया। टैंकर का पिछला हिस्सा डिवाइडर पर टिक गया। इसी दौरान तेल का रिसाव होने लगा। ओवरब्रिज की ढलान के कारण तेल नीचे तक चला गया और आग फैल गई। करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद गुड़ामालानी से एक निजी कंपनी की फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची।

## गुजरात विधानसभा परिसर में बम की धमकी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल को गुजराती हिंदू चरमपंथी बताया गया है।

**अहमदाबाद में स्कूलों को भी दी धमकी:** ईमेल में अहमदाबाद के तीन स्कूलों में ब्लास्ट की धमकी दी गई है। इन स्कूलों में मेमनगर स्थित महाराजा अग्रेशन स्कूल, घाटलोडिया स्थित कैलोरेक्स स्कूल और शांति एशियन स्कूल के नाम शामिल हैं। जांच टीमों ने तीनों स्कूलों की भी जांच की, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला।



**सदन की कार्यवाही एक घंटे की देरी से शुरू हुई:** ईमेल मिलते ही पुलिस, बम स्क्वॉड और अन्य टीमें मौके पर पहुंचीं। विधानसभा से सभी विधायकों और मंत्रियों को सदन से बाहर निकाला गया और तलाशी अभियान चलाया गया। जांच में कोई संदिग्ध वस्तु न मिलने पर सदन की कार्यवाही एक घंटे की देरी से 10 बजे शुरू हुई। गौरतलब है कि 16 फरवरी, 2026 को शुरू हुआ बजट सत्र 23 दिनों तक यानी 25 मार्च तक चलेगा। इस सत्र की 26 बैठकें होंगी। कल, व्यापार सलाहकार समिति की बैठक में यूसीसी विधेयक को सदन में लाने के मुद्दे पर चर्चा हुई और इसे सदन में किस दिन प्रस्तुत किया जाए, इस पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में, 25 मार्च की तारीख तय की गई।

## गुरुग्राम में 'दूर जाकर शराब पियो' कहने पर मर्डर

**एजेंसी, गुरुग्राम**

गुरुग्राम में बुजुर्ग मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। दोनों के बीच शराब पीने को लेकर कहासुनी हुई थी। बुजुर्ग ने आरोपी मोनू को पहले ठेके के पास शराब न पीने के लिए कहा। इसके बाद आरोपी रास्ते में ही खड़ा होकर शराब पीने लगा तो बुजुर्ग ने उसे दूर जाकर शराब पीने के लिए फिर टोका। इससे गुस्साए मोनू ने जगदीश को जमकर पीटा। छाती पर बैठकर पत्थर से उसके चेहरे पर ताबड़तोड़ कई वार किए। आरोपी बुजुर्ग को अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गया।

इसके बाद परिजनों ने जगदीश को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। आरोपी मोनू उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है। पुलिस



ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

डुन्डाहेड़ा गांव में जगदीश सोमवार देर शाम सड़क के पास से गुजर रहा था। पास में ही मौजूद ठेके के पास मोनू शराब पी रहा था। जगदीश ने उसे रास्ते में शराब नहीं पीने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी में ही दोनों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। इसी दौरान बुजुर्ग जगदीश ने मोनू को अचानक थप्पड़ मार दिया। जिससे मोनू गुस्से में आ गया और उसने भी हाथापाई शुरू कर दी। दोनों के बीच काफी देर तक मारपीट चलती रही।

# बिलासपुर में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का विवादित बयान, बोले- 'योगी असली हिंदू नहीं'

**एजेंसी, बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सत्तारूढ़ दलों और केंद्र की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गौरक्षा से लेकर यूजीसी के नए नियमों जैंसे कई मुद्दों पर सरकार को घेरा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि योगी असली हिन्दू नहीं हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। बातचीत के दौरान कई राजनीतिक और धार्मिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि वे लगातार गौ रक्षा का मुद्दा उठा रहे हैं, लेकिन सरकारें इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी आवाज को दबाने के लिए सत्तारूढ़ दल हिस्ट्रीशीटरों का सहारा ले रहे हैं। उनकी बात सुनने के बजाय उसे दबाने की कोशिश की जा रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ



है। शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि गौ रक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकारें गंभीर नहीं हैं।

यूजीसी के नए नियमों को लेकर भी शंकराचार्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे 'हिंदुओं को बांटने वाला' और 'राष्ट्रद्रोह' करार देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में इस कानून को लागू नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के नियम समाज में विभाजन पैदा करते हैं और इससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण छात्रों और शिक्षकों ने भी आपत्ति जताई है। उनकी मुख्य चिंताएं दो बिंदुओं पर केंद्रित हैं, एक झूठी शिकायतों पर सजा का प्रावधान हटाने से फर्जी मामलों की संख्या बढ़ने की आशंका और नियमों में केवल एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का उल्लेख होने से जनरल कैटेगरी को बाहर रखा जाना, जिसे वे भेदभावपूर्ण मानते हैं।

**सनातन धर्म को अंदर से खतरा:** सनातन धर्म पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि इसे बाहरी लोगों से नहीं, बल्कि अंदर के 'कालनेमियों' से खतरा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां की नीयत केवल वोट हासिल करना है, हिंदुओं के हित में काम करने की मंशा नजर नहीं आती।

शंकराचार्य ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर विवादित बयान देते हुए कहा कि उन्हें खुद को साबित करने के लिए 40 दिन का समय दिया गया था, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हुए। इस आधार पर उन्होंने कहा कि योगी 'असली हिंदू नहीं' हैं।

# साईं झूलेलाल साहिब की 1076वीं जयंती 20 मार्च 2026,चेट्रीचंड्र महोत्सव और ईद-उल-फितर का अद्भुत संयोग-विश्वव्यापी आस्था, संस्कृति और सद्भाव का संगम- समग्र विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» दुनियां में जब जब अत्याचार बढ़ा है,तब तब भगवान ने अपने भक्तों के लिए धरती में जन्म लिया है-1076 वीं झूलेलाल जयंती इसका प्रतीक

» झूलेलाल की1076वीं जयंती व पवित्र इस्लामिक त्योहार ईद- उल-फितर क़ा संयोग न केवल भारत की विविधता में एकता की परंपरा को दर्शाता है,बल्कि वैश्विक स्तरपर सांस्कृतिक सह- अस्तित्व,सहिष्णुता और भाईचारे का संदेश भी देता है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं की गोंदिया महाराष्ट्र

**गोंदिया** – वैश्विक स्तरपर भारत सहित पूरे विश्व में वर्ष 2026 का मार्च महीना धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। एक ओर सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलाल की 1076वीं जयंती का भव्य आयोजन हो रहा है,वहीं दूसरी ओर पवित्र इस्लामिक त्योहार ईद-उल- फितर भी लगभग उसी समय मनाए जाने की संभावना है। यह संयोग न केवल भारत की विविधता में एकता की परंपरा को दर्शाता है,बल्कि वैश्विक स्तरपर सांस्कृतिक सह-अस्तित्व, सहिष्णुता और भाईचारे का संदेश भी देता है।सिंधी समाज के लिए चेटीचंड केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान,ऐतिहासिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह दिन झूलेलाल साहिब के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें जल के देवता और सत्य एवं न्याय के संरक्षक के रूप में पूजा जाता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं कि विश्वभर में फैले सिंधी समुदाय चाहे वे भारत में हों या अमेरिका, दुबई, यूके, अफ्रीका या एशिया के अन्य देशों में इस दिन को अत्यंत श्रद्धा,उल्लास और भव्यता के साथ मनाते हैं।वर्ष 2026 में यह उत्सव और भी विशेष बन गया है क्योंकि इसे सात दिवसीय चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव के रूप में 15 से 20 मार्च तक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न झूलेलाल जयंती समारोह समितियों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों,सिंधी विद्यालयों तथा व्यापारिक और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से यह आयोजन एक वैश्विक सांस्कृतिक उत्सव का रूप ले चुका है। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम न केवल धार्मिक भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं,बल्कि समाजसेवा,स्वास्थ्य जागरूकता सांस्कृतिक संरक्षण और युवा सहभागिता को भी प्रोत्साहित करते हैं।इस सप्ताह के दौरान प्रभात फेरियों से दिन की शुरुआत होती है, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए झूलेलाल साहिब की महिमा का गुणगान करते हैं। रक्तदान शिविरों का आयोजन समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवता की सेवा का संदेश देता है। चित्रकला प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं की रचनात्मकता को मंच प्रदान करती हैं, वहीं योग शिविर स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं। व्यापार मेलों और आनंद मेलों के माध्यम से स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलता है और सामाजिक मेलजोल बढ़ता है।महिलाओं की स्कूटर रैली और रंगोली कार्निवल जैसे आयोजन




महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सशक्तिकरण का प्रतीक हैं। छप्पन भोग जैसे धार्मिक प्रसाद और फूड फेस्टिवल इस उत्सव को स्वाद और परंपरा का अनूठा संगम बना देते हैं। 19 मार्च को भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस उत्सव को चरम पर पहुंचाते हैं, जहां संगीत, नृत्य और भक्ति का अद्भुत समागम देखने को मिलता है। साथियों बात अगर हम 20 मार्च 2026 के महत्व को समझने की करें तो यह दिन इस उत्सव का मुख्य दिन होगा,जब विश्वभर में विशाल शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।इन जुलूसों में झूलेलाल साहिब की सजीव झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु भक्ति संगीत और नृत्य की झलकियां देखने को मिलेंगी।मैराथन स्कूटर रैली, आम भंडारे और सामूहिक भोज जैसे कार्यक्रम इस दिन को और अधिक विशेष बनाते हैं। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक सहयोग का उत्सव है।इसी समय, इस्लाम धर्म के अनुयायियों के लिए पवित्र रमजान माह के समापन पर मनाया जाने वाला ईद-उल- फितर भी 20 या 21 मार्च को पड़ने की संभावना है,जो चांद के दीदार पर निर्भर करता है। यह त्योहार अल्लाह के प्रति आभार, आत्मसंयम, दान और करुणा का प्रतीक है। रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद ईद का दिन खुशी, संतोष और आध्यात्मिक संतुलन का संदेश लेकर आता है। ईद के दिन विशेष नमाज अदा की जाती है, फितरा(दान) दिया जाता है और लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहते हैं। सेवइयां और अन्य मिठाइयों का वितरण इस पर्व की पहचान है, जो इस बात को दर्शाता है कि खुशी तब और अधिक बढ़ जाती है जब उसे दूसरों के साथ साझा किया जाए। यह त्योहार सामाजिक समरसता, परस्पर सम्मान और भाईचारे को सटीक रूप से मजबूत करता है। साथियों बात अगर हम जब चेटीचंड और ईद-उल-फितर जैसे दो महत्वपूर्ण पर्व एक ही समय पर आते हैं, तो यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण बन जाता है। यहां विभिन्न धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में भाग लेते हैं,शुभकामनाएं देते हैं और आपसी प्रेम को बढ़ाते हैं। यह परंपरा केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्वभर में बसे भारतीय और सिंधी समुदाय भी इसे अपनाते हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है।इस अवसर की महत्ता को देखते हुए भारत के कई राज्यों मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक या क्षेत्रीय अवकाश घोषित किया गया है। कुछ स्थानों पर चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा, उगादी और चेटीचंड को एक ही श्रेणी में रखते हुए 19 मार्च 2026 को भी अवकाश घोषित किया गया है। यह दर्शाता है कि भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था भी विविध धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान करती है और उन्हें प्रोत्साहित करती है।यह अवकाश केवल एक छुट्टी नहीं, बल्कि लोगों को अपने धार्मिक और सांस्कृतिक कर्तव्यों को निभाने, परिवार और समाज के साथ समय बिताने और परंपराओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। साथियों बात







अगर हम इस झूलेलाल जयंती महोत्सव चेट्रीचंड्र की करें तो, चेट्री चंड्र सिंधियों द्वारा मनाये जाने वाला महतपूर्ण त्यौहार है। हर साल इसे चैत्र शुक्ल पक्ष के दुसरे दिन मनाया जाता है।इस बार ये 20 मार्च 2026, को मनाया जाएगा।ज्यादातर ये त्यौहार गुडी पड़वा व उगडी के दुसरे दिन पड़ता है, इसे पड़ोसी देश सहित विश्व के हर देश में में रहने वाले सिन्धी भी मनाते है। इस दिन चाँद कई दिनों बाद पूरा नजर आता है, सभी लोग जल देव की आराधना करते है। चेट्रीचंड्र त्यौहार सिन्धी समाज द्वारा अपने इष्टदेव झुलेलाल जी की याद में मनाया जाता है। इस दिन सिन्धी समाज जल देव व झुलेलाल जी की पूजा अर्चना करता है,सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है, जूलूस निकाले जाते है। इस दिन प्रसाद के तौर पर उबले काले चने व मीठा भात श्रद्धा पूर्वक सबको दिया जाता है। साथियों बात अगर हम झूलेलाल जयंती महोत्सव चेट्रीचंड्र मनाने के कारणों की करें तो दुनियां में जब जब अत्याचार बढ़ा है, तब तब भगवान ने अपने भक्तों के लिए धरती में जन्म लिया है। युगों से ये बात चली आ रही है, भारत देश में कई भगवान, साधू संत ने जन्म लिया और दुनियां को सही गलत में फर्क समझाया है। सभी समाज धर्म के भगवान पाप को ख़त्म करने के लिए इस धरती पर आये- राम, कृष्ण, अल्लाह येशु ऐसे ही कुछ नाम है। ऐसे ही एक और भगवान इस धरती पर आये, जिन्हें झुलेलाल नाम से जाना जाता है। इन्हें सिन्धी समाज का इष्टदेव कहा जाता है। ये हिन्दू जाति के भगवान वरुण का अवतार है, जिनका जन्म 10 वीं शताब्दी के आस पास हुआ था। कुछ लोग इन्हें सूफी संत भी बोला करते है, जिन्हें मुस्लिम भी काफी पूजते थे। कुछ लोग इन्हें जल देव का अवतार मानते थे। सिन्धु घाटी की सबसे पहली व पुरानी सभ्यता मोहनजोदड़ो है,यही सिंध में ही झुलेलाल जी का जन्म हुआ था।उनके जन्म को आज भी सिन्धी समाज व पड़ोसी मुल्क के कुछ हिस्सों में लोग झुलेलाल जयंती या चेट्री चंड्र नाम से मनाते है। इस दिन ने सिन्धी समाज का नया वर्ष शुरू होता है, जिसे वे बड़ी धूमधाम से मनाते है। साथियों बात कर हम सिंधी समाज के इष्टदेव झूलेलाल के जन्मयाने अवतरण की करें तो, सिंधी समाज पर हो रहे अत्याचार की पुकार सुन जल देवता से आकाशवाणी के 2 दिन बाद चैत्र माह की शुक्ल पक्ष में नासरपुर (पाकिस्तान की सिन्धु घाटी) के देवकी व ताराचंद के यहाँ एक बेटे ने जन्म लिया, जिसका नाम उदयचंद रखा गया। हिंदी में उदय का मतलब उगना होता है। भविष्य में ये छोटा बच्चा हिन्दू सिन्धी समाज का रक्षक बना, जिसने मिरक शाह जैसे शैतान का अंत किया अपने नाम को चरितार्थ करते हुए उदयचंद जी ने सिंध के हिंदुओ के जीवन के अँधेरे को खत्म कर उजयाला फैला दिया। पहले उन्हें भगवान का रूप नहीं समझा गया, लेकिन अपने जन्म के बाद ही वे चमत्कार करने लगे। जन्म के बाद जब उनके माता पिता ने उनके मुख के अंदर पूरी सिन्धु नदी को देखा, जिसमें पलो नाम की एक मछली भी तैर रही थी, तब वे हैरान रह गए,इसलिए झुलेलाल जी को पले वारो भी कहा जाता है। बहुत से सिन्धी हिन्दू उन पर विश्वास करते थे, और उनको भगवान का रूप मानते थे, इसलिए कुछ लोग उन्हें अमरलाल भी कहते थे।झुलेलाल जी को उदेरोलाल भी कहते है, संस्कृत में इसका मतलब है कि जो पानी के करीब रहता है या पानी में तैरता है। बाल्यावस्था में उदयचंद को झुला बहुत पसंद था, वे उसी पर आराम करते थे, इसी के बाद उनका नाम झुलेलाल पड़ गया,उनकी माता देवकी उन्हें प्यार से झुल्लण बोलती थी, उनकी माता का देहांत छोटी उम्र में ही हो गया था, जिसके बाद उनका पालन पोषण सौतेली माँ ने ही किया। बता दें एक अन्याई राजा द्वारा हिंदुओ पर जुल्म करना शुरू कर दिया था, सभी हिंदुओ को बोला गया, कि उन्हें इस्लाम अपनाना होगा, नहीं तो उन्हें मार डाला जायेगा, ऐसे में सिंध के सभी हिन्दू बहुत घबरा गए, तब सभी हिंदुओ को सिन्धु के नदी के पास इक्कठे होने के लिए बुलावा भेजा गया हज़ारों की संख्या में लोग वहां इकट्ठा हुए, सबने मिलकर जल देवता दरियाशाह की उपासना और प्रार्थना की, कि इस विपदा में वे उनकी मदद करें। सभी ने लगातर 40 दिनों तक तप किया, तब भगवान वरुण ने खुश होकर उन्हें आकाशवाणी के द्वारा बताया, कि वे नासरपुर में देवकी व ताराचंद के यहाँ जन्म लेंगें, वही बालक इनका रक्षक बनेगा। साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तरपर इस उत्सव को समझने की करें तो सिंधी समुदाय ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए जिस प्रकार से चेटीचंड को एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव का रूप दिया है, वह अद्वितीय है। यह समुदाय जहां भी गया, वहां अपनी परंपराओं, भाषा और संस्कृति को जीवित रखा और स्थानीय समाज के साथ समन्वय स्थापित किया। झूलेलाल जयंती इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जो आज केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक उत्सव बन चुका है। इसके साथ ही ईद-उल-फितर का सार्वभौमिक संदेश करुणा, दान और भाईचारा-मानवता के लिए प्रेरणादायक है।यह हमें सिखाता है कि धर्म का मूल उद्देश्य मानव कल्याण, सामाजिक न्याय और प्रेम को बढ़ावा देना है। जब ये दोनों पर्व एक साथ मनाए जाते हैं, तो यह संदेश और भी प्रभावी हो जाता है कि विभिन्न आस्थाएं होते हुए भी हम एक साझा मानवता से जुड़े हुए हैं।आज के समय में,जब विश्व कई सामाजिक धार्मिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे अवसर हमें एकता, सहिष्णुता और आपसी सम्मान की ओर प्रेरित करते हैं।चेटीचंड और ईद-उल- फितर का यह संगम हमें यह याद दिलाता है कि हमारी विविधता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसे संजोकर रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि वर्ष 2026 का यह समय केवल त्योहारों का उत्सव नहीं,बल्कि मानवता, संस्कृति और आध्यात्मिकता का महापर्व है। यह हमें सिखाता है कि चाहे हम किसी भी धर्म, भाषा या संस्कृति से जुड़े हों, हमारा मूल उद्देश्य प्रेम, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना होना चाहिए। साईं झूलेलाल साहिब की कृपा और ईद-उल-फितर के पावन संदेश के साथ, यह आशा की जा सकती है कि यह विश्व और अधिक एकजुट, शांतिपूर्ण और समृद्ध बने।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

## संवत 2083: परंपरा, खगोल और हमारी साझी विरासत का नया पड़ाव



लेखक- दिलीप कुमार पाठक

समय का पहिया जब एक निश्चित बिंदु पर पहुँचता है, तो वह अपने साथ स्मृतियों और नई संभावनाओं का एक साझा कोलाज लेकर आता है। आज भारतीय काल-गणना का एक नया अध्याय यानी विक्रम संवत 2083 जुड़ गया है। इसे किसी विशेष श्रेष्ठता के भाव से देखने के बजाय, समय को मापने की एक प्राचीन और खगोलीय पद्धति की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का यह दिन केवल पंचांग के पन्ने पलटने का नाम नहीं है, बल्कि यह उस खगोलीय गणना का हिस्सा है, जो सूर्य और चंद्रमा की गति के आधार पर ऋतुओं के परिवर्तन को रेखांकित करती है। वसंत की विदाई और बढ़ती गर्मी के बीच प्रकृति में जो बदलाव दिखते हैं, वे इस बात का संकेत हैं कि जीवन का चक्र रुकता नहीं, बल्कि बदलता रहता है। पेड़ों पर आती नई कोपलें और रबी की पकती फसलें किसी महान उपलब्धि का प्रमाण नहीं, बल्कि एक सहज प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसे सदियों से मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़कर देखा जाता रहा है। इसी तिथि को जब इतिहास के पन्नों में ब्रह्मा की सृष्टि रचना या प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक जैसी मान्यताओं के साथ देखा जाता है, तो यह समाज की एक सामूहिक स्मृतिकथा का हिस्सा बन जाती है। यह महज एक संयोग नहीं है कि आज से ही चैत्र नवरात्रि की शुरुआत भी हो रही है, जो अगले नौ दिनों तक अनुशासन और संयम की एक साधना पद्धति को समाज के बीच रखती है। नवरात्रि का यह समय शक्ति की आराधना का वह पक्ष है जो पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक शुद्धि पर केंद्रित रहता है। इसे किसी धार्मिक कट्टरता के बजाय आत्म-मंथन और संयमित जीवनशैली की एक कोशिश के रूप में समझा जाना चाहिए। कलश की स्थापना से लेकर माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा तक, यह पूरी प्रक्रिया एक व्यक्ति को उसके आंतरिक द्वंद्वों से लड़ने और धैर्य रखने की प्रेरणा देती है। भारत जैसे भौगोलिक रूप से विविध देश में इस एक ही दिन के कई सामाजिक रंग दिखाई देते हैं। महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा के रूप में एक विजय पताका के साथ मनाया जाता है, तो दक्षिण भारतीय राज्यों में उगादि के रूप में इसे नववर्ष का प्रतीक माना जाता है। यहाँ गौर करने वाली बात यह है कि उत्सव मनाने के तरीके अलग हो सकते हैं, लेकिन उनके केंद्र में समय की एक ही खगोलीय घटना विद्यमान है। राजस्थान के लिए भी आज का दिन एक प्रशासनिक और सांस्कृतिक तालमेल का है, जहाँ स्थापना दिवस के आयोजन को इस पारंपरिक तिथि के साथ जोड़ा गया है। यह फैसला आधुनिक व्यवस्था और प्राचीन मान्यताओं के बीच एक संतुलन बिठाने की कोशिश मात्र है। बदलते हुए दौर में जब तकनीक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, तब ऐसी परंपराओं का बने रहना समाज की निरंतरता को दर्शाता है। आज के दिन नीम की पत्तियों और गुड़ का सेवन करने की जो पुरानी रस्म है, वह जीवन के वास्तविक फलसफे को बड़ी सादगी से बयां करती है। यह हमें बताता है कि जीवन में अनुकूल और प्रतिकूल, दोनों ही परिस्थितियाँ अनिवार्य हैं और उन्हें बिना विचलित हुए स्वीकार करना ही मनुष्यता है। त्योहारों का असली संदर्भ यही है कि वे लोगों को एक सामूहिक धरातल पर खड़ा करते हैं, जहाँ व्यक्तिगत पहचान के बजाय सामाजिक जुड़ाव को प्राथमिकता मिलती है। आज जब शंख की ध्वनि सुनाई देती है या घरों के बाहर तोरण सजते हैं, तो वह समाज की उस साझा विरासत का प्रतीक है जो सदियों से बिना किसी बड़े बदलाव के चली आ रही है। संवत 2083 की यह पहली किरण हमें अपनी जड़ों को समझने और उन्हें बिना किसी पूर्वाग्रह के देखने का अवसर देती है। भाषा, संस्कृति और त्यौहार किसी भी समाज के वे बुनियादी तत्व होते हैं जो उसे एक धागे में पिरोए रखते हैं।

## बुलेट ट्रेन की परियोजना में लगे पंख



लेखक- बिनोद कुमार सिंह

भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है,जहाँ विकास की परिभाषा केवल सड़कों,पुलों और भवनों तक सीमित नहीं रही,बल्कि वह गति, समन्वय और सुविधा के समग्र अनुभव में परिवर्तित हो चुकी है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन मोड़ व अश्वनी वैष्णव के विजन में इसी बदलती सोच का सबसे सशक्त प्रतीक बनकर उभरी है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण बुलेट ट्रेन की परियोजना में पंख लग गए है।सर्व विदित रहे कि देश की बहुप्रतीक्षित बुलेट ट्रेन परियोजना,जो केवल एक तेज रफ्तार रेल सेवा नहीं,बल्कि आधुनिक शहरी जीवन शैली का आधार बनने की दिशा में अग्रसर है।आपको बता दें कि बुलेट ट्रेन स्टेशनों को जिस दृष्टिकोण से विकसित किया जा रहा है,वह अपने आप में एक नई अवधारणा को जन्म देता है।अब स्टेशन केवल यात्रा के प्रारंभ और अंत का स्थान नहीं रहेंगे,बल्कि वे शहर की परिवहन व्यवस्था के साथ एकीकृत होकर आधुनिक शहरी नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे।मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) की यह अवधारणा यात्रियों को बिना किसी व्यवधान के एक परिवहन माध्यम से दूसरे माध्यम में सहज रूप से स्थानांतरित होने की सुविधा प्रदान करेगी।इस योजना के तहत स्टेशन परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों का व्यापक विकास किया जा रहा है।बस,टैक्सी,निजी वाहन और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों को एक ही स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से जोड़ने का प्रयास,भारतीय शहरों की लंबे समय से चली आ रही परिवहन अव्यवस्था को दूर करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह केवल यात्रा को आसान नहीं बनाएगा, बल्कि समय की बचत,ईंधन की खपत में कमी और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।सुत्रो के अनुसार स्टेशन प्लाज़ा को जिस प्रकार से डिजाइन किया जा रहा है,वह आधुनिक शहरी सौंदर्य और कार्यकुशलता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहाँ के चौड़े और सुरक्षित फुटपाथ, सुव्यवस्थित पिकअप एवं ड्रॉप ऑफ जोन,पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, उन्नत संकेत प्रणाली,आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग और सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था - ये सभी सुविधाएँ मिलकर यात्रियों को एक सुरक्षित,सुविधाजनक और विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी। साथ ही,लैंडस्केपिंग और वृक्षारोपण के माध्यम से इन क्षेत्रों को हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास भी सराहनीय है। यदि हम इस परियोजना की प्रगति पर दृष्टि डालें,तो स्पष्ट होता है कि यह केवल कागजों तक सीमित योजना नहीं,बल्कि धरातल पर तेजी से आकार लेती हुई वास्तविकता है।सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर स्टील स्ट्रक्चर और रूफ शीटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है और अब फिनिशिंग कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।प्लेटफॉर्म और कॉन्कोर्स क्षेत्र में फ्लोरिंग,क्लैडिंग और अन्य आंतरिक कार्यों की प्रगति इस बात का संकेत देती है कि यह स्टेशन शीघ्र ही अपनी अंतिम रूपरेखा में दिखाई देगा। बिलिमोरा स्टेशन पर भी निर्माण कार्य उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रहा है।रेल और प्लेटफॉर्म स्तर की स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है और संरचनात्मक स्टील का कार्य भी समाप्त हो गया है।अब आर्किटेक्चरल फिनिशिंग और एमईपी कार्यों के माध्यम से इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।आणंद स्टेशन की प्रगति विशेष रूप से उल्लेखनीय है।यहाँ न केवल स्लैब कास्टिंग और रूफ संरचना का कार्य पूरा हो चुका है,बल्कि लिफ्ट और एस्केलेटर भी स्थापित किए जा चुके हैं।यह दर्शाता है कि यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस परियोजना को किस गंभीरता से क्रियान्वित किया जा रहा है। वडोदरा,भरूच और वापी स्टेशनों पर भी निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।कहीं स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है,तो कहीं संरचनात्मक स्टील का कार्य जारी है।यह समग्र प्रगति इस बात का प्रमाण है कि देश की यह महत्वाकांक्षी परियोजना योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ रही है।इस पूरे प्रयास के पीछे केवल तेज गति से यात्रा कराने का उद्देश्य नहीं है, बल्कि एक ऐसे परिवहन तंत्र का निर्माण करना है जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप हो। जब विभिन्न परिवहन साधनों को एकीकृत किया जाता है,तो वह केवल सुविधा ही नहीं बढ़ाता, बल्कि शहरों के समग्र विकास को भी गति देता है।आज के इस युग मे जब महानगरों में ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और अव्यवस्थित परिवहन बड़ी चुनौतियाँ बन चुकी हैं,ऐसे में बुलेट ट्रेन परियोजना एक आशा की किरण के रूप में सामने आती है। यह न केवल यात्रियों को तेज और सुरक्षित यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी, बल्कि शहरी नियोजन के नए मानक भी स्थापित करेगी। संक्षेप में कह सकते है कि बुलेट ट्रेन परियोजना केवल एक परिवहन योजना नहीं,बल्कि आधुनिक भारत के सपनों का साकार रूप है। यह उस भारत की झलक प्रस्तुत करती है जो तेज,संगठित,पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और भविष्य के लिए तैयार है। आने वाले वर्षों में जब ये स्टेशन पूरी तरह से विकसित होकर कार्य करने लगेंगे,तब वे केवल यात्रा के केंद्र नहीं,बल्कि आधुनिक जीवन के प्रतीक बनकर उभरेंगे।बुलेट ट्रेन आधुनिक भारत के निर्माण को गति, शहरी विकास की नई दिशा देगी।

## नवरात्रि: आंतरिक ऊर्जा और आध्यात्मिक उत्थान का पर्व



लेखक-- योगेश कुमार गोयल

नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है।

## ग्लेन फिलिप्स का दिखा नया अवतार, क्रिकेटर ने पायलट के रूप में फैंस को चौंकाया

**ऑकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, बेहतरीन स्पिन और हैरान करने वाली फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, फिलिप्स सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि हवा में भी करतब दिखा सकते हैं। मंगलवार को ऑकलैंड के आकाश में उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसे देख दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान हैं। ग्लेन फिलिप्स ने मंगलवार को ऑकलैंड के आर्डमोर एयरोड्रोम पर एक लाइट एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक लैंड कराकर अपनी पायलट क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसका वीडियो फिलिप्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। फिलिप्स ने बताया कि वह कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में हैं और इसके लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। ऑल-राउंडर ने हाल ही में आर्डमोर फ्लाइंग स्कूल में स्टूडेंट्स और इंस्ट्रक्टर्स से बातचीत भी की। फिलिप्स ने कहा, 'यह मेरा बड़ा पैशन है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया भर का पैसा होता, तो शायद मैं पायलट बनता। मुझे हवा में रहना बहुत पसंद है। पहाड़ों में जाकर अपने शौक पूरे करना और पायलट बनना मेरी प्राथमिकता है। दाएं हाथ से बल्लेबाजी के अलावा बाएं हाथ से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग में भी सक्षम फिलिप्स का एयरक्राफ्ट के कॉकपिट में भी हाथ आजमाना उनकी जिंदगी के आयामों को प्रदर्शित करता है और यह बताता है कि शायद ऐसा कुछ नहीं, जो फिलिप्स न कर सकें। ग्लेन फिलिप्स जल्द आईपीएल 2026 में दिखेंगे। वह लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। फिलिप्स को उनकी क्षमता के मुताबिक आईपीएल में मौके नहीं मिले हैं। देखना होगा आगामी सीजन में जीटी उनका कितना और कैसे इस्तेमाल करती है।



### आईपीएल 2026:

## विराट कोहली आरसीबी के लिए खिताब डिफेंड करने की चुनौती के साथ बेंगलुरु पहुंचे

**बेंगलुरु एजेंसी।** ।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली आईपीएल 2026 के लिए टीम से जुड़ गए हैं। कोहली बुधवार सुबह बेंगलुरु पहुंचे। टीम मैनेजमेंट, खिलाड़ियों और फैंस को कोहली का बेसब्री से इंतजार था। बेंगलुरु पहुंचने से पहले कोहली लंदन में ही अभ्यास कर रहे थे। कोहली ने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाली थी जिसे आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में जोश और तेजी आएगी। आरसीबी आईपीएल 2026 में चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम का मुख्य लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट कोहली का अहम योगदान रहा था। फ्रेंचाइजी के लिए पारी की शुरुआत करने वाले विराट कोहली ने पिछले सीजन में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 8 अर्धशतक निकले थे।

**अफ्रीकी फुटबॉल में बवाल**

**2 महीने बाद सेनेगल से छीना AFCON का खिताब**

# हारने वाली टीम बनी चैंपियन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीकी फुटबॉल में बड़ा विवाद सामने आया है। कन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (सीएएफ) ने अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस 2026 के फाइनल का नतीजा पलटते हुए मोरक्को को चैंपियन घोषित कर दिया है। यह फैसला मंगलवार को लिया गया। सीएएफ ने जनवरी में खेले गए विवादित फाइनल में सेनेगल की 1-0 की जीत को पलटकर 3-0 से मोरक्को के पक्ष में कर दिया। सीएएफ की अपील समिति ने कहा कि सेनेगल का मैदान छोड़ना टूर्नामेंट नियमों के आर्टिकल 82 और 84 का उल्लंघन है। इन नियमों के तहत बिना अनुमति मैच छोड़ने वाली टीम को हार मान लिया जाता है। इसी आधार पर मैच का परिणाम बदलते हुए मोरक्को को 3-0 से विजेता घोषित किया गया।

- **सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने किया विरोध-** इस फैसले पर सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने कड़ा विरोध जताया है। फेडरेशन के सचिव जनरल अब्दुलाये सेदौ सो ने इसे मजाक बताते हुए कहा कि फैसले का कोई कानूनी आधार नहीं है। सेनेगल इस मामले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में ले जाएगा और आखिरी फैसले तक लड़ाई जारी रखेगा।
- **इस फैसले से मोरक्को ने 50 साल बाद जीता अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस का खिताब-** इस फैसले के साथ मोरक्को ने 50 साल बाद अपना दूसरा अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस खिताब जीत लिया।

### फाइनल में स्टॉपेट टाइम में हुआ था जमकर विवाद

18 जनवरी को रबात में खेले गए फाइनल के दौरान स्टॉपेज टाइम में भारी विवाद हुआ। सेनेगल ने एक गोल किया, लेकिन रेफरी जीन-जैक्स नडाला ने मोरक्को के बॉक्स में फाउल बताते हुए गोल को रद्द कर दिया। इसके तुरंत बाद मोरक्को को पेनल्टी मिली, जब ब्राहिम डियाज को फाउल किया गया। इस फैसले से नाराज होकर सेनेगल के कोच पेप बौना थियाव ने अपनी टीम को मैदान से बाहर बुला लिया। करीब 20 मिनट बाद कप्तान सादियो माने के समझाने पर टीम वापस लौटी। हालांकि, तनाव बना रहा। पेनल्टी पर डियाज गोल नहीं कर सके, जिसे एडौर्ड मेंडी ने बचा लिया। इसके बाद पापा गुये ने 94वें मिनट में गोल कर सेनेगल को जीत दिलाई थी।

## पहलवान मीनाक्षी गोयत ने किया उलटफेर

### अंतिम पंघाल को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान मीनाक्षी गोयत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए हुए ट्रायल में बड़ा उलटफेर किया। मीनाक्षी ने 53 किग्रा वर्ग में अंतिम पंघाल को हराया और भारतीय टीम में जगह बना ली। पहलवान मीनाक्षी गोयत ने बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम पंघाल को हराकर अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बना ली है। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को घरेलू मैदान पर हार झेलनी पड़ी। ट्रायल में इससे पहले तीन बार अंतिम से हार चुकी मीनाक्षी ने इस बार मजबूत रक्षात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया और 6-2 की बढ़त लेने के बाद विन बाय फॉल से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम, दिग्गज विनेश फोगाट के 53 किग्रा वर्ग छोड़ने के बाद इस वर्ग में दबदबा बनाए हुए थीं। मुकाबले के दौरान मीनाक्षी ने कई बार अंतिम के सिर पर मजबूत पकड़ बनाई और उन्हें आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं करने दिया। शुरुआत में अंतिम ने मीनाक्षी के दोनों पैरों को जकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह चाल नाकाम हो गई। अंतिम हार के बाद कुछ समय तक अविश्वास में मैट पर ही पड़ी रहीं, जबकि मीनाक्षी मुस्कुराते हुए उनके पास गईं और हाथ बढ़ाया।

**● रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को किया बाहर**

# आर्सेनल और पीएसजी क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली एजेंसी।** यूरोप के सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया, जबकि आर्सेनल और पेरिस सेंट-जर्मेन ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर हीरो बनकर उभरे। विनीसियस ने 2 गोल मारते हुए टीम की जीत पक्की की। उन्होंने शुरुआती बढ़त दिलाई और फिर इंजरी टाइम (93वें मिनट) में दूसरा गोल कर मुकाबला खत्म कर दिया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से एकमात्र गोल एर्लिंग हालैंड ने 41वें मिनट में लगाया। रियल मैड्रिड ने 2-1 से मैच जीता। इस हार के साथ पेप गार्डियोला की टीम लगातार तीसरे सीजन में मैड्रिड के हाथों बाहर हो गई। ब्राजीलियन ने मैड्रिड को उस समय बढ़त दिलाई जब बर्नार्डो सिल्वा को अपने ही बॉक्स के अंदर बॉल हैंडल करते हुए पाया गया। इसका मतलब यह भी था कि होम टीम के खिलाड़ी घटकर 10 रह गए। विनी जूनियर ने सिटी के फैंस से बदला लिया और रोते हुए जश्न मनाया।

जीत के बाद विनीसियस ने कहा, 'पिछली बार जब हम यहां आए थे, तो मैनचेस्टर सिटी के फैंस मेरा मजाक उड़ा रहे थे। मैं सिटी फैंस की बेइज्जती नहीं कर रहा था, लेकिन यह मेरे लिए उन्हें खुद को साबित करने का एक तरीका था। दूसरे मुकाबले में आर्सेनल ने बायर लेवरकुसेन को 2-0 से हराया और कुल स्कोर 3-1 से जीत दर्ज की। एबेरेची एजे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि डेक्लान राइस ने दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की। आर्सेनल के एबेरेची एजे ने अपना यूसीएल अकाउंट खोला गनर्स के लिए एक शानदार गोल से मिकेल आर्टेटा की टीम आसानी से क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई।

बायर लेवरकुसेन ने आर्सेनल के जोरदार शुरुआती स्पेल के बावजूद मजबूती से गोल किया, जिसमें गोलकीपर जेनिस ब्लासविच ने शानदार खेल दिखाया। लेकिन 37वें मिनट में उनकी मुश्किल तब टूट गई जब एजे ने एक शानदार लंबी दूरी से गोल किया, जिससे आर्सेनल को आखिरी-16 के मुश्किल मुकाबले में बढ़त मिल गई।

# केकेआर के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा को यकीन

**आईपीएल: साउदी के साथ काम करने से स्किल्स होगी बेहतर**



**कोलकाता, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा हैं, जो नए सीजन से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने और अपनी स्किल्स को निखारने पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वह इस सीजन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी कर रहे हैं। अंबाला के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने साल 2023 में इस फ्रेंचाइजी के लिए अपना डेब्यू किया था। वैभव अरोड़ा आईपीएल करियर में अब तक 32 मुकाबलों में 36 विकेट हासिल कर चुके हैं। वह आईपीएल 2024 में केकेआर की खिताबी जीत में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं।

उस सीजन वैभव ने 10 मुकाबलों में 11 विकेट हासिल किए थे। जैसे-जैसे टीम आगामी सीजन के लिए तैयार हो रही है, अरोड़ा ट्रेनिंग कैंप के दौरान जमकर मेहनत कर रहे हैं और अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग पहलुओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर, हमारी तैयारी मजबूत है। हम प्रैक्टिस मैच खेल रहे हैं और नेट्स में अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग तरीकों को भी निखार रहे हैं। बतौर तेज गेंदबाज आप हमेशा अच्छी तैयारी करना चाहते हैं और अपनी स्किल्स को बेहतर बनाना चाहते हैं, ताकि आप मैच के दौरान उन्हें असरदार तरीके से इस्तेमाल कर सकें। अरोड़ा खासतौर पर अपने पुराने साथी टिम साउदी के साथ करीब से काम करने के मौके को लेकर उत्साहित हैं। साउदी इस सीजन में फ्रेंचाइजी के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान के पास इस भूमिका के लिए बहुत ज्यादा अनुभव है, जिन्होंने 700 से ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लिए हैं। साउदी ने साल 2021 से 2023 के बीच तीन सीजन तक केकेआर का प्रतिनिधित्व भी किया था।



# सरकार ने आईडीबीआई बैंक को लेकर बदला मन, दोबारा शुरू करनी पड़ रही प्राइवेटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने आईडीबीआई बैंक के प्राइवेटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को फिर से शुरू करने का मन बना लिया है। दरअसल, पिछले हफ्ते मिले वित्तीय बोलियों के आंकड़े सरकार द्वारा तय किए गए रिजर्व प्राइस से काफी कम थे, जिसके चलते यह प्रक्रिया रोक दी गई थी। ईटी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि अब इस मामले को विनिवेश से जुड़ी एक अहम मंत्री समूह की बैठक में रखा जाएगा, जहां इस पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। शुरुआती चर्चाओं में यही राय बनती दिख रही है कि प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर आगे बढ़ना चाहिए। करीब पांच सालों से बैंक में हिस्सेदारी बेचने की कोशिश में जुटी सरकार अब पूरी प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा करेगी। खासतौर पर उस तंत्र की जांच होगी, जिसके तहत आईडीबीआई बैंक के लिए रिजर्व प्राइस तय किया गया था। जानकारों का कहना है कि सीमित सार्वजनिक हिस्सेदारी वाले बैंकों के लिए स्टॉक प्राइस के आधार पर रिजर्व प्राइस तय करना सही नहीं है, क्योंकि इससे बाजार में हेरफेर का खतरा बना रहता है।

**बैंक के शेयर की कीमत में करीब 19 प्रतिशत की गिरावट:** फिलहाल सरकार के पास बैंक में 45.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि के पास 49.24 प्रतिशत हिस्सा है। बाकी बचा करीब 5 प्रतिशत हिस्सा आम जनता के पास है। वित्तीय बोलियां रद्द होने के बाद से बैंक के शेयर की कीमत में करीब 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यह 74.28 रुपये पर बंद हुआ, जो इसके 52 हफ्तों के निचले स्तर 72 रुपये के करीब है। बता दें कि प्रेम वत्सा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल और अमीरात के एमिरेट्स एनबीडी ने ही इस प्रक्रिया में वित्तीय बोलियां दाखिल की थीं। एक अधिकारी ने बताया कि भले ही यह प्रक्रिया नए सिरे से शुरू हो रही है, लेकिन अगर पुराने बोलीदाता दोबारा बोली लगाना चाहते हैं।

## खत्म होगा टाटा की टाटा स्टील कंपनी का वजूद...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील के कारोबार से जुड़ी एक अहम खबर है। दरअसल, टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने मंगलवार को नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) के अपने साथ विलय को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब नीलाचल इस्पात का वजूद खत्म हो जाएगा। बता दें कि टाटा स्टील ने चार जुलाई 2022 को ओडिशा स्थित नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड का अधिग्रहण अपनी पूर्व सब्सिडयरी टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स (टीएसएलपी) के माध्यम से 12,100 करोड़ रुपये में पूरा किया था। नीलाचल का मुख्यालय ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में है। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि इस विलय से उसकी परिचालन दक्षता और कारोबारी तालमेल बेहतर होगी। वित्तीय प्रबंधकीय एवं तकनीकी संसाधनों, कर्मचारियों, क्षमता, कौशल, विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी के एक साथ हो जाने से प्लांट्स का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा, लागत में कमी आएगी और शेयरधारकों को अधिकतम लाभ मिलेगा। टाटा स्टील ने पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडयरी कंपनी टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई (टीएसएचपी) में दो अरब डॉलर (18,488.10 करोड़ रुपये)के निवेश को मंजूरी दे दी है। टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2026-27 से एक या एक से अधिक किस्तों में टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई के शेयरों की खरीद के माध्यम से इस निवेश को मंजूरी दी। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि निदेशक मंडल ने मणिपाल हॉस्पिटल्स ईस्टर्न इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से मेडिका टीएस हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड (मेडिका टीएस हॉस्पिटल) में 1.49 करोड़ रुपये में हिस्सेदारी के अधिग्रहण को भी मंजूरी दे दी है। हालांकि यह सौदा आवश्यक मंजूरी के अधीन है।

# टॉप पिक्स: टेक महिंद्रा, विप्रो समेत 5 स्टॉक्स में हैं बड़े अपडेट्स, निवेशकों की रहेगी नजर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान युद्ध को लेकर सतर्कता के बीच वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बाद भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी-50 के बुधवार को स्थिर रुख के साथ खुलने की उम्मीद है। इस बीच हम आपके लिए 5 ऐसे स्टॉक्स लाए हैं, जिनमें बड़े अपडेट्स हैं। इन अपडेट्स की वजह से आज इनमें बड़ी हलचल की उम्मीद है। इनमें मफतलाल इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा,हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, विप्रो और सीगल इंडिया शामिल हैं। कंपनी को ओडिशा कंप्यूटर एप्लीकेशन सेंटर (ओसीएसी) से 114 करोड़ रुपये का पांच साल का ऑर्डर मिला है। इसके तहत, ओडिशा के 16 जिलों में 500 रोबोटिक लैब स्थापित की जाएंगी। मफतलाल इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को करीब 1 फीसद ऊपर 115.15 रुपये पर बंद हुए थे। इस साल अबतक करीब 24 प्रतिशत का नुकसान कराने वाले इस स्टॉक ने शुरुआत से करीब 55 प्रतिशत का फायदा भी पहुंचाया है। कंपनी की सहायक कंपनी टेक महिंद्रा लंदन ने मिदाद कंपनी से टेक महिंद्रा अरबिया में उसकी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी 206.2 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए समझौता किया है। इसके बाद टेक महिंद्रा अरबिया पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी। टेक महिंद्रा के शेयर मंगलवार को मामूली तेजी के साथ 1339.70 रुपये पर बंद हुए थे। इस साल अब तक इसमें करीब 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। अगर शुरुआत से अबतक के रिटर्न की बात करें तो इसने 889 प्रतिशत का छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। कंपनी ने 'एजेंटवर्स' नाम से एक एंटरप्राइज एजेंट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इसमें 600 से अधिक तैनाती के लिए तैयार एआई एजेंट शामिल हैं। 1.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 410 रुपये पर बंद हुए थे। इस साल अबतक इसमें करीब 46 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। शुरुआत से अबतक इसने करीब 50 प्रतिशत का निगेटिव रिटर्न दिया है। कंपनी ने एआई सॉफ्टवेयर डिलीवरी प्लेटफॉर्म कंपनी, हार्नेस के साथ सहयोग की घोषणा की है। इसका उद्देश्य वैश्विक उद्यमों को बेहतर मोमेंटम के साथ एआई नेटिव सॉफ्टवेयर डिलीवरी में मदद करना है।

### इन शहरों में मिलेगी सुविधा

## स्पीड पोस्ट की नई सेवाएं, तय समय पर डिलीवरी नहीं तो पैसा वापस!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को डाक विभाग की 3 नई सेवाओं की शुरुआत की है। इनमें 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल तथा 48 स्पीड पोस्ट शामिल हैं। इनके जरिए अब जरूरी डॉक्यूमेंट्स और पार्सल महज 24 घंटे के भीतर गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। देरी होने पर पैसे वापसी की गारंटी भी दी जाएगी। इस मौके पर सिंधिया ने कहा कि आज का दिन हमारे विभाग के लिए काफी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में इंडिया पोस्ट देश के हर नागरिक और वैश्विक ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। इस पहल को इंडिया पोस्ट और उसके करोड़ों ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं विश्वसनीयता, जवाबदेही और उत्कृष्ट सेवा के प्रति नई प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। उन्होंने सेवाओं के व्यापक परीक्षण और सुधार में लगे डाक कर्मचारियों के समर्पण की भी सराहना की। भारतीय डाक विभाग की नई सेवाएं भारत के लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इनके माध्यम से विभाग एक्सप्रेस डिलीवरी सेगमेंट में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है तथा प्रमुख महानगरों में विश्वसनीय, सुरक्षित और समयबद्ध डिलीवरी समाधान उपलब्ध करा रहा है। डाक विभाग की इन सेवाओं का लाभ फिलहाल देश के छह प्रमुख शहरों में मिलेगा। पहले चरण में यह सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होंगी। मार्च 2027 तक इसे देशभर में शुरू करने का लक्ष्य है। निर्धारित समयसीमा का पालन करने के लिए विभाग प्राथमिकता आधारित हवाई परिवहन का उपयोग करेगा। इससे ई-कॉमर्स कंपनियों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और व्यापारिक संस्थानों को तेज और प्रभावी पार्सल मूवमेंट में विशेष लाभ मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)